भाद्रपद शुक्ल - 4 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 46 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 07-09-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 मेरे खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था, यह बात सत्य हुई : बृजभूषण

6 बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हैवानियत और नफरत कब तक?

7 वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत को स्थिर सरकार की जरूरत : नकवी



## अवकाश की सूचना

सभी पाठकों और विज्ञापनदाताओं को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर 7 सितम्बर को **दक्षिण भारत राष्ट्रमत** कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 सितम्बर 2024 को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

## फर्स्ट टेक

### भारत ने अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया

**बालासोर (ओडिशा)/भाषा।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–4 का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण सभी परिचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों के आधार पर पूरी तरह से सफल रहा। सूत्रों ने बताया कि इसका संचालन सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो 900 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने

**लिस्बन/एजेन्सी।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने गुरुवार को यूईएफए नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। गोल के बाद जश्न मनाते हुए रोनाल्डो अपने हाथ चेहरे की ओर उठाए और घुटनों के बल बैठ गए। मैच में रोनाल्डो ने 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली लगाकर यह ऐतिहासिक गोल किया और पुर्तगाल को 2–0 से आगे कर दिया।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमडीआर-टीबी के नए उपचार को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत 'बीपीएएलएम' पद्धति को बहु–दवा प्रतिरोधी तपेदिक (एमडीआर–टीबी) के उपचार के लिए बेहद प्रभावी व अल्पकालिक उपचार विकल्प के तौर पर स्वीकृति दे दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा गया है कि 'बीपीएएलएम' (उपचार) पद्धति में नई तपेदिक (टीबी) रोधी दवा प्रीटोमैनिड के साथ बेडेक्विलिन और लिनजोलिड (मॉक्सीफ्लॉक्सेसिन सहित या रहित) हैं।

| सूर्यास्त 07-09-2024 | सूर्योदय 08-09-2024 |
|---|---|
| 6:15 बजे | 5:57 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,183.93 | 24,852.15 |
| (-1,017.23) | (-292.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,539 रु. | 93,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सच बोलो

निर्दोष मर रहे युद्धों में,
मत जहर फिज़ाओं में घोलो।
है कौन सही व कौन गलत,
सच के पलड़े में सब तोलो।
है कहां शांति की चाबी अब,
जड़ता के तालों को खोलो।
आतंकी बस आतंकी है,
मज़हब वालों सच भी बोलो।।



# हमें जल संचयन का मंत्र अपनाना होगा : प्रधानमंत्री

## भारत के पास दुनिया के कुल ताजे पानी का केवल चार प्रतिशत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सूरत/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानी बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत के पास दुनिया के कुल ताजे पानी का केवल चार प्रतिशत ही है। उन्होंने जल–संचयन के लिए जल का दुरुपयोग रोकने, उसके पुन: इस्तेमाल और रिचार्ज करने के साथ ही उसके पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने जल और पर्यावरण के संरक्षण को भारत की उस सांस्कृतिक चेतना का एक हिस्सा बताया, जिसमें पानी को भगवान और नदियों को देवी के रूप में पूजा जाता है।

प्रधानमंत्री गुजरात के सूरत में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल की शुरुआत के अवसर पर एक कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, ''जल संचयन के लिए हमें 'रिड्यूस, रियूज, रिचार्ज और रिसाइकल' के मंत्र पर बढ़ने की जरूरत है। हमें जल संरक्षण के लिए नवोन्मेषी और नवीनतम तकनीक अपनाने की भी आवश्यकता है।''

मोदी ने कहा, ''जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण ये हमारे लिए कोई नए शब्द नहीं है। ये हमारे लिए किताबी ज्ञान नहीं है। ये हालात के कारण हमारे हिस्से आया हुआ काम भी नहीं है। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, ''हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कहा गया है, नदियों को देवी माना गया है। सरोवरों को, कुंडों को देवालय का दर्जा मिला है। गंगा, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी हमारी मां हैं।''

मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया के ताजे पानी के संसाधनों का केवल चार प्रतिशत है और देश के कई हिस्से जल संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कई जगहों पर पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा रहा है।'' उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अप्रत्याशित बारिश का जो 'तांडव' हुआ, उससे देश का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा, जिसको संकट का सामना न करना पड़ा हो।

# 'इमरजेंसी' टली, रिलीज की नई तारीख की घोषणा जल्द होगी : कंगना रनौत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज टाल दी गई है और नई तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अभिनेत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

'इमरजेंसी' देशभर के सिनेमाघरों में शुक्रवार को रिलीज होने वाली थी, लेकिन निर्माताओं को अभी तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी नहीं मिली है और मामला फिलहाल अदालत में है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद रनौत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारी मन से मैं यह घोषणा कर रही हूं कि मेरे निर्देशन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज स्थगित कर दी गई है, हम अभी भी सेंसर बोर्ड से प्रमाण पत्र का इंतजार कर रहे हैं, नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

'इमरजेंसी' में रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। यह फिल्म कई बार टलने के बाद छह सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे अभी तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी नहीं मिली है।

शिरोमणि अकाली दल सहित सिख संगठनों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद 'इमरजेंसी' विवाद में फंस गयी है, जिसमें समुदाय को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और ऐतिहासिक तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया गया है।

# यौन उत्पीड़न के आरोपों पर आंध्र प्रदेश में तेदेपा के सत्यवेदु विधानसभा सीट के विधायक निलंबित



**अमरावती/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पी श्रीनिवास राव ने एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों को लेकर पार्टी के विधायक के आदिमुलम को निलंबित कर दिया है।

आदिमुलम प्रदेश की सत्यवेदु (सु) विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रदेश में सत्तारूढ़ तेदेपा की ओर से बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, ''विभिन्न मंचों पर यह आरोप सामने आने पर कि कोनेटी आदिमुलम (सत्यवेदु सीट से विधायक) ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया है, पार्टी (तेदेपा) ने इन आरोपों पर गंभीरता से संज्ञान लिया और उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया।'' महिला ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाए थे। महिला ने यह भी कहा कि इस घटना को उसने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया है।

# आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं भारत : शाह

## अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है, जम्मू-कश्मीर में इसकी कभी वापसी नहीं होगी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''बातचीत और बम एक साथ नहीं चल सकते।'' शाह ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्पपत्र जारी करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने आतंकवादी गतिविधियां जारी रहने के बीच पाकिस्तान के साथ बातचीत की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया।

शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 अब अतीत की बात हो गई है और कोई भी इसे बहाल नहीं कर सकता। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं हो जाता, हम पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन, हम कश्मीर के युवाओं से निश्चित रूप से बात करेंगे।''

पाकिस्तान के साथ वार्ता फिर से शुरू करने और नियंत्रण रेखा के पार व्यापार बहाल करने की राजनीतिक दलों की मांगों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में शाह ने कहा, ''जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं हो जाता, हम इससे सहमत नहीं हो सकते।''

जम्मू–कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की मांग के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''यह मांग लोगों को गुमराह करने के लिए है। मैंने हमेशा इस मांग को स्वीकार किया है। उचित समय पर इसे (राज्य का दर्जा) बहाल किया जाएगा।''

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 की बहाली के आश्वासन और कांग्रेस द्वारा नेकां को समर्थन से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए शाह ने कहा, ''नेकां का एजेंडा जमीन पर लागू नहीं हो सकता। अनुच्छेद 370 अतीत की बात है। यह इतिहास है। कोई भी इसे बहाल नहीं कर सकता।'' चुनावों के जरिए अलगाववादियों के राजनीति में प्रवेश के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा, ''मुझे अलगाववादियों की कोई चिंता नहीं है। जम्मू–कश्मीर के लोगों, खासकर घाटी के लोगों ने जम्मू–कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने में नरेन्द्र मोदी जी का समर्थन करने का फैसला किया है। मुझे उम्मीद है कि आपका सवाल राहुल गांधी ने भी सुना होगा।''

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 683.987 अरब डॉलर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं।

# शांति की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहें सैन्य कमांडर : राजनाथ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आज जिस तरह की वैश्विक परिस्थितियां हैं, उन्हे ध्यान में रखते हुए सैन्य कमांडरों को कहा गया है कि विश्व और भारत में शांति की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहें, ताकि कहीं भी शांति भंग न हो।

लखनऊ में संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के एक दिन बाद राजनाथ सिंह का शुक्रवार को यह बयान आया है।

लखनऊ में खाटू श्याम मंदिर के दर्शन करने के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने कहा, भारत दुनिया का एकमात्र देश है, जिसने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। भारत शांति का पुजारी है और हमेशा रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''आज जिस तरह की वैश्विक परिस्थितियां हैं, उन्हे ध्यान में रखते हुए सैन्य कमांडरों को कहा गया है कि विश्व और भारत में शांति की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहें, ताकि कहीं भी शांति भंग न हो।''

सिंह ने बृहस्पतिवार को शीर्ष सैन्य अधिकारियों से यूक्रेन और गाजा में संघर्ष के साथ–साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति का विश्लेषण करने का आह्वान किया था ताकि भविष्य की किसी भी समस्या का पूर्वानुमान लगाया जा सके और अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

# हरियाणा चुनाव : पहलवान विनेश और बजरंग कांग्रेस में शामिल, जुलाना से चुनाव लड़ेंगी फोगाट



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध में सबसे आगे रहने वाले ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल होकर राजनीतिक पारी की शुरुआत की और न डरने और न पीछे हटने का संकल्प व्यक्त किया।

इस बात पर हालांकि कोई स्पष्टता नहीं है कि पूनिया चुनाव लड़ेंगे या नहीं, लेकिन रात को जारी हुई हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी के 31 उम्मीदवारों की सूची में जुलाना विधानसभा क्षेत्र से फोगाट के नाम की घोषणा की गयी। कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटों बाद पूनिया को पार्टी द्वारा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सूरजभान, प्रवक्ता पवन खेड़ा और अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे पहले फोगाट और पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की।

वेणुगोपाल ने दावा किया कि बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद रेलवे ने फोगाट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नोटिस में राजनीतिक नेताओं से मिलकर सेवा नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई है। वेणुगोपाल ने पूछा कि क्या विपक्ष के नेता से मिलना अपराध है? साथ ही उन्होंने रेलवे अधिकारियों से फोगाट को कार्यमुक्त करने और 'राजनीति नहीं करने' का अनुरोध किया। वेणुगोपाल ने विस्तृत जानकारी दिए बिना दावा किया कि पूनिया को भी नोटिस मिला है।

# प्रकृति व पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जब प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर विकास किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा और लंबे समय तक उसका लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने वन विभाग को गोरखपुर में एक 'फॉरेस्ट्री कॉलेज' स्थापित करने का निर्देश दिया जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाए जाएं।

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब विकास प्रकृति और पर्यावरण को बचाकर किया जाएगा, तभी वह सतत विकास होगा और लंबे समय तक उसका लाभ मिलेगा। प्रकृति और पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास क्षणिक और खतरनाक होता है। इसके दूरगामी परिणाम होते हैं।''

मुख्यमंत्री ने इस केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# टेलीग्राम के सीईओ ने पहली बार खुद पर लगे आरोपों को खारिज किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेरिस/एपी।** सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव ने फ्रांस में अपनी गिरफ्तारी के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखते हुए खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया।

दुरोव को टेलीग्राम पर कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों की अनुमति देने के आरोप में अगस्त के अंत में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार रात टेलीग्राम पर एक पोस्ट में फ्रांस में खुद पर लगे आरोपों से अपना बचाव किया और कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

पोस्ट में कहा गया है, अगर कोई तीसरा पक्ष किसी प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल है तो पुराने कानूनों का इस्तेमाल करते हुए उसके सीईओ पर आरोप लगाना गलत है। तकनीक विकसित करना वैसे भी काफी कठिन होता है। अगर किसी व्यक्ति को उसके उपकरणों के संभावित दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने की आशंका हो तो वह कभी कोई उपकरण नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा, इसलिए, मैंने यह सुनिश्चित करना अपना व्यक्तिगत लक्ष्य बना लिया है कि हम इस संबंध में उल्लेखनीय सुधार करेंगे। हम पहले ही वह प्रक्रिया आंतरिक रूप से शुरू कर चुके हैं और मैं जल्द ही इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में अधिक जानकारी आपके साथ साझा करूंगा।

### आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन ऋण मामला

# न्यायालय ने चंदा कोचर और उनके पति को नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर और उनके व्यवसायी पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'अवैध' घोषित करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सीबीआई की एक याचिका पर शुक्रवार को उनसे जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर उनसे जवाब देने को कहा। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी और कहा कि मामले में उनकी गिरफ्तारी न्यायोचित है। राजू ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि चंदा कोचर लंबे समय तक अंतरिम जमानत पर रहीं और उन्होंने केवल करीब दो सप्ताह हिरासत में बिताए। उच्च न्यायालय ने छह फरवरी को दोनों की गिरफ्तारी को 'अवैध' करार देते हुए एक अन्य पीठ के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश पर मुहर लगाई थी जिसमें दोनों को मामले में गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद जमानत दे दी गई थी। सीबीआई ने वीडियोकॉन-आईसीआईसीआई बैंक ऋण मामले में 23 दिसंबर, 2022 को दोनों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने गिरफ्तारी को तत्काल उच्च न्यायालय में चुनौती दी और इसे अवैध घोषित करने की मांग की। उन्होंने अंतरिम राहत के जरिए जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की। उच्च न्यायालय ने नौ जनवरी, 2023 को एक अंतरिम आदेश में उन्हें जमानत दे दी और 'लापरवाही' से तथा बिना सोचे-समझे उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई के प्रति नाखुशी जताई।

उच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी को 'अवैध' घोषित करने की उनकी याचिका को मंजूर कर लिया और जमानत के लिए पहले के अंतरिम आदेश पर मुहर लगा दी।

# शिवराज चौहान ने तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया, केंद्र के मदद का भरोसा दिलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित तेलंगाना का शुक्रवार को दौरा किया और भरोसा दिलाया कि राज्य को केंद्र आवश्यक सहायता मुहैया करेगा ताकि किसान फसलों को हुई क्षति से उबर सकें।

पूर्ववर्ती बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) सरकार पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय निधि का उपयोग नहीं करना और दूसरे मद में खर्च करना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन नहीं करने के कारण मौजूदा संकट में राज्य को फायदा नहीं हो सकेगा।


खम्मम जिले में बाढ़ प्रभावित किसानों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में मौजूदा आपदा बड़ी है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार भी किसी ''आपदा'' से कम नहीं थी क्योंकि उसने ऐसी स्थिति पैदा कर दी जिसका समाधान ढूंढना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ मिलकर केंद्र किसानों के लिए समाधान निकालेगा। फसल को हुई क्षति के मद्देनजर संक्षिप्त अवधि की और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।

राज्य में बारिश व बाढ़ के कारण हुए नुकसान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चिंतित होने का जिक्र करते हुए चौहान ने कहा कि उन्होंने उन्हें भेजा है और केंद्रीय राज्य मंत्री (गृह) बंडी संजय कुमार भी उनके साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि वह राजनीति पर बात नहीं करना चाहते, लेकिन उन्हें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत मिलने वाली राशि खर्च नहीं की गई। सस्ती लोकप्रियता के लिए योजनाओं को लागू नहीं किया गया। केंद्रीय निधि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किये गए।

चौहान ने कहा कि अगर पैसा खर्च नहीं किया गया तो केंद्रीय निधि नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को तेलंगाना में लागू नहीं किया गया। इसके लागू होने से उन किसानों को मदद मिलती जो फसल को हुए भारी नुकसान के कारण प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को केंद्रीय योजना से कोई लाभ नहीं मिल रहा है और इसका समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नुकसान का आकलन कर रही है और स्थिति का जायजा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम भी आएगी। इसके बाद केंद्र सरकार राज्य को हरसंभव मदद मुहैया करेगी।

चौहान ने यह भी कहा कि फसल (धान और मिर्च) और घरेलू उपयोग की वस्तुएं पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। इनके अलावा, मवेशियों को भी नुकसान पहुंचा है। बातचीत के दौरान, एक किसान फसल को हुए नुकसान को लेकर रो पड़ा और चौहान ने उसे ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य मंत्री मौजूद थे।

# क्या केजरीवाल के जेल से काम करने पर कोई रोक है: न्यायालय ने पूछा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से पूछा कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर रोक का कोई आदेश है?

न्यायालय को बताया गया था कि पात्र दोषियों की सजा माफी से संबंधित फाइलों में उनके हस्ताक्षर नहीं हो पाने से देरी हो रही है। सजा माफी (रिमीशन) का मतलब किसी कैदी की सजा के एक हिस्से को रद्द करना या कम करना है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 432 के तहत, राज्य सरकारें कैदी के आचरण, पुनर्वास, स्वास्थ्य और जेल में बिताए गए समय जैसे कारकों के आधार पर किसी दोषी की सजा का पूरा या आंशिक हिस्सा माफ कर सकती हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक दोषी की सजा को माफ करने में कथित देरी की उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने कहा, ''जेल से मुख्यमंत्री के काम करने पर क्या रोक का कोई आदेश है? हम यह पता लगाना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामलों पर असर पड़ेगा।'' उसने कहा, ''बहुत सारी फाइल वहां होंगी क्योंकि अदालत ने अनेक ऐसे आदेश पारित किए हैं जो मुख्यमंत्री से संबंधित हैं। क्या मुख्यमंत्री के ऐसी महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर कोई रोक है?'' अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करेंगी और अदालत आएंगी। न्यायालय ने पहले के एक आदेश में दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था कि दोषियों की सजा माफी के सवाल पर दो महीने के अंदर फैसला करें। हालांकि इस समयसीमा को जुलाई में एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में ईडी ने 21 मार्च को और सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। कानून के जानकारों के अनुसार जेल में बंद किसी मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने पर संविधान या कानून में कोई रोक नहीं है, लेकिन जेल से सरकार चलाना 'व्यावहारिक रूप से असंभव' है। विधिक विशेषज्ञों की राय दिल्ली उच्च न्यायालय की 28 मार्च की टिप्पणियों के अनुरूप हैं जिसमें उसने केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने के अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज कर दी थी।

## हरियाणा चुनाव अकेले लड़ सकती है आप, सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ नहीं बन पा रही सहमति: सूत्र

**नई दिल्ली/भाषा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच सहमति बनती नहीं दिख रही है, और अरविंद केजरीवाल नीत 'आप' राज्य में 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह दावा किया। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से ठीक पहले आप सूत्रों ने दावा किया कि पार्टी (आप) द्वारा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी करने की संभावना है।

आप सूत्रों ने दावा किया, ''हरियाणा में गठबंधन के लिए बातचीत टूटने की कगार पर है और आप 90 सदस्यीय विधानसभा की 50 सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही।'' इससे पहले, पार्टी के नेताओं ने कहा था कि आप हरियाणा में 10 सीट मांग रही है, जबकि कांग्रेस पांच से सात सीट की पेशकश कर रही है। सूत्रों ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कोई सहमति बनती नजर नहीं आ रही। 'इंडिया' गठबंधन में साझेदार आप और कांग्रेस ने हालिया लोकसभा चुनाव हरियाणा, गुजरात और दिल्ली में साथ मिलकर लड़ा था। हरियाणा में, आप को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट दी गई थी। पार्टी के प्रदेश प्रमुख सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा के नवीन जिंदल से हार गए थे।

# भारत 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन करेगा: कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत में 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन शुरू हो जाएगा। कार्बन फाइबर का उपयोग अंतरिक्ष, सिविल इंजीनियरिंग और रक्षा क्षेत्र में धातु के विकल्प के रूप में किया जाता है। वर्तमान में, भारत कोई कार्बन फाइबर का उत्पादन नहीं करता है और पूरी तरह से अमेरिका, फ्रांस, जापान और जर्मनी जैसे देशों से आयात पर निर्भर है।

यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित कार्बन सीमा समायोजन तंत्र कार्बन आयात पर अंतर्निहित कर है जिसके 2026 से लागू होने की उम्मीद है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, आने वाले दिन प्रत्येक क्षेत्र में तकनीकी कपड़े के हैं... मुझे पूरा विश्वास है कि 2025-26 में आला कार्बन फाइबर उत्पाद भी भारत के पास होगा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वच्छता क्षेत्र में 'आयात को संतुलित' किया गया है।

सिंह ने कहा, ''पहले हम डायपर आयात करते थे। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद, जिसने उद्योग में उत्साह पैदा किया है।''

## चीन की 'ईवी कॉलोनी' न बने भारत, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से बढ़ने दिया जाए: जीटीआरआई

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार को घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र को प्रोत्साहनों पर निर्भरता के बिना स्वाभाविक रूप से बढ़ने देना चाहिए क्योंकि इससे देश चीन के लिए 'ईवी कॉलोनी' बनने से बच जाएगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह बात कही। इसमें कहा गया है कि भारत को बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने में ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका सामना अन्य देशों को नहीं करना पड़ रहा है। जीटीआरआई ने कहा कि इन चुनौतियों में कोयले जैसे जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न 80 प्रतिशत बिजली, बार-बार बिजली कटौती और देश में बैटरी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे ईवी बनाने के लिए जरूरी घटकों के लिए आयात पर निर्भरता शामिल है।

जीटीआरआई ने कहा, ''इन चुनौतियों पर विचार करते हुए भारी प्रोत्साहनों के साथ मैदान में उतरने या चीनी आयात पर निर्भर होने के बजाय भारत के पास अपने ईवी क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से विकसित होने देने का अवसर है। बाजार की ताकतों को क्षेत्र की वृद्धि को आगे बढ़ाने की अनुमति देकर, भारत चीन के लिए 'ईवी कॉलोनी' बनने से बच सकता है और वैश्विक ईवी परिदृश्य में अपना रास्ता बना सकता है।'' शोध संस्थान ने कहा कि वैश्विक ईवी बाजार में भूचाल आ रहा है, जिसकी वजह अमेरिका, यूरोपीय संघ और कनाडा द्वारा चीन से ईवी और उसके पुर्जों के आयात पर उच्च शुल्क और प्रतिबंध लगाना है।

# भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी: हरियाणा भाजपा प्रमुख बड़ौली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** भाजपा की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि उनकी पार्टी अपने कार्यकाल के दौरान राज्य में किए गए समान विकास के आधार पर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी।

बड़ौली ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसकी सरकार ने विकास और नौकरियों में हमेशा क्षेत्रवाद तथा भाई-भतीजावाद को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बार-बार ''लोगों द्वारा खारिज'' किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमने 'हरियाणा एक, हरियाणवी एक' की भावना के साथ समान विकास किया। लोगों ने भाजपा को सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है और हम फिर से स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।'' बड़ौली ने कहा, ''हम अपने विकास कार्यों के आधार पर वोट मांग रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान भाजपा शासन के तहत राज्य में सर्वांगीण विकास हुआ है और समाज के सभी वर्गों का कल्याण हुआ है। भाजपा द्वारा राज्य की 90 विधानसभा सीट में से 67 सीट के लिए जारी की गई उम्मीदवारों की पहली सूची के बाद टिकट न मिलने से नाराज कुछ नेताओं द्वारा बगावत किए जाने के बारे में पूछे जाने पर बड़ौली ने कहा, ''जो थोड़ी बहुत नाराजगी होती है, तो उसको हम सब मिल-जुलकर दूर करेंगे।'' यह पूछे जाने पर कि पार्टी बाकी उम्मीदवारों की घोषणा कब करेगी, उन्होंने कहा, ''हम जल्द ही ऐसा करेंगे।'' बड़ौली ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार ने किसानों, महिलाओं और गरीबों सहित विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं तथा नौकरियां योग्यता के आधार पर दी गई हैं। जुलाई में बड़ौली को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। मौजूदा विधायक बड़ौली सोनीपत सीट से करीबी मुकाबले में अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी से लोकसभा चुनाव हार गए थे।



## महायुति के सहयोगी दल मिलकर तय करेंगे मुख्यमंत्री पद का चेहरा: फडणवीस

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ तीनों दल मिलकर महायुति के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करेंगे और इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन में कोई संशय नहीं है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

फडणवीस ने कहा कि महायुति मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा। वह नागपुर में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। क्या महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनाव से पहले तय किया जाएगा या बाद में इस पर निर्णय होगा, इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''अनावश्यक भ्रम पैदा करने की कोई जरूरत नहीं है। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सरकार के मुखिया हैं और हम उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हे मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय करने का अधिकार नहीं है।

# उमर ने भाजपा नीत केंद्र पर उन्हें चुप कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा शासित केंद्र सरकार उन्हें चुप कराने के प्रयास के तहत जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार उतार रही है।

उमर ने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि दिल्ली किसी तरह से मुझे चुप कराना चाहेगी, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि वे इस हद तक जाएंगे। बारामूला (लोकसभा चुनाव) में, जब एक व्यक्ति (शेख अब्दुल रशीद) जेल में रहते हुए नामांकन दाखिल करने के बाद मेरे खिलाफ चुनाव में खड़ा हुआ, तो उसने जेल से अपना संदेश रिकॉर्ड किया और भावनाओं के आधार पर वोट मांगे। उसने मुझे चुनाव में हरा दिया। अब्दुल्ला ने गांदरबल विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैलियों में कहा, मैं इसे चिंताजनक नहीं मानता। अब्दुल्ला इसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके उमर ने कहा कि बारामूला लोकसभा सीट के नतीजों के बाद उन्हें लगा कि किस्मत रशीद के पक्ष में थी और यह मेरी बदकिस्मती थी। उन्होंने पूछा, लेकिन जब मैंने गांदरबल से (विधानसभा) चुनाव लड़ने का फैसला किया, तो खबरें आने लगीं कि एक अन्य नागरिक (सर्जन अहमद वागय उर्फ बरकती) जो जेल में है, मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने जा रहा है। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि ये लोग मेरे पीछे क्यों पड़े हैं। क्या कोई साजिश है? अब्दुल्ला ने कहा कि वह समझ सकते हैं कि रशीद उनके खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़े, क्योंकि वह उसी निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने कहा, जब उन्हें जेल में कोई स्थानीय व्यक्ति (गांदरबल) नहीं मिला, तो वे जैनापोरा-शोपियां से एक व्यक्ति (बरकती) को ले आए। मुझे अब भी लगा कि शायद यह एक संयोग था। मैंने अपने कुछ सहकर्मियों से सलाह ली और उनसे कहा कि मैं यह साबित करना चाहता हूं कि यह मेरे खिलाफ दिल्ली से एक साजिश है।

अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी टीम ने कुछ निर्वाचन क्षेत्रों से नामांकन पत्र एकत्र किए हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, हमने फॉर्म लिए और तय किया कि सुबह फैसला करेंगे कि कहां से चुनाव लड़ना है (दूसरी सीट के लिए)। कल यह साबित हो गया कि यह महज संयोग नहीं है। अन्यथा, मुझे बताइये, इस आदमी ने गांदरबल से पर्चा भरा और फिर उसने बीरवाह से नामांकन पत्र लिया, यह सोचते हुए कि मैं वहां का विधायक हूं तो वहीं से लड़ूंगा। हालांकि, जब मैंने अपराह्न में बड़गाम से पर्चा भरा तो उनकी पोल खुल गयी। नेकां उपाध्यक्ष ने दावा किया कि यह घटना दिखाती है कि दिल्ली जम्मू कश्मीर में किसी भी राजनेता को चुप कराने की उतनी कोशिश नहीं कर रही है, खासकर कश्मीर में, जितना वे उमर अब्दुल्ला के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि जब मैं बोलता हूं तो मैं लोगों के लिए बोलता हूं, मैं उनके मुद्दे उठाता हूं, मैं हमारी गरिमा की बात करता हूं जो हमसे छीन ली गई है।




## पूंजी जुटाने के बावजूद वोडाफोन आइडिया की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट थमेगी नहीं : गोल्डमैन साक्स

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) की हालिया पूंजी-वृद्धि हालांकि सकारात्मक है, लेकिन यह उसकी बाजार हिस्सेदारी में गिरावट को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन साक्स ने एक लेख में यह बात कही है। ब्रोकरेज कंपनी ने वास्तव में अगले तीन-चार साल में कंपनी के लिए बाजार हिस्सेदारी में तीन प्रतिशत की हानि की आशंका जताई है। इसके लिए पूंजीगत व्यय और राजस्व बाजार हिस्सेदारी के बीच सीधे संबंध का हवाला दिया गया है। कंपनी का खुद का आकलन है कि उसका पूंजीगत व्यय प्रतिस्पर्धी कंपनियों की तुलना में 50 प्रतिशत रहेगा।

गोल्डमैन साक्स ने कहा, वोडाफोन आइडिया द्वारा हाल ही में जुटाई गई पूंजी, हालांकि वृद्धिशील रूप से सकारात्मक है, लेकिन हमारे विचार में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में कमी को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, उसने कहा कि वोडाफोन आइडिया के समक्ष वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होने वाले बड़े समायोजित सकल राजस्व (एजीआर)/स्पेक्ट्रम संबंधी भुगतान का भी मामला है। ब्रोकरेज कंपनी के अनुसार, ''हालांकि, सरकार के पास कुछ बकाया राशि को इक्विटी में बदलने का विकल्प है, लेकिन हमारा अनुमान है कि प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) में 200-270 रुपए (विभिन्न परिदृश्यों में 120-150 प्रतिशत) की वृद्धि होनी चाहिए।'' ब्रोकरेज फर्म का अनुमान है कि वोडाफोन आइडिया का शुद्ध ऋण-से-ईबीआईटीडीए मार्च, 2025 तक (पूंजी जुटाने और शुल्क वृद्धि के बावजूद) ऊंचा बना रहेगा।

## विजयवाड़ा में छोटी नदी के तटबंध में आई दरारों को बंद करने के लिए युद्ध स्तर पर काम जारी

**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में बुडामेरु नामक छोटी नदी के तटबंध में आई दरार को बंद करने के लिए भारतीय सेना की 'इंजीनियरिंग टास्क फोर्स' युद्ध स्तर पर काम कर रही है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस घटना के बाद शहर में बाढ़ आ गई थी। दो दरारों को बंद कर दिया गया है तथा तीसरी दरार को भरने के संबंध में टास्क फोर्स, राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

## नायडू ने एएआई के स्वामित्व वाले नौ और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा की शुरू

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने देश में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के स्वामित्व वाले नौ और हवाई अड्डों पर शुक्रवार को डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत की।

एक अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा (डाबोलिम), इंदौर, रांची, कोयम्बटूर और बागडोगरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नायडू ने विशाखापत्तनम में एक कार्यक्रम में इस सुविधा का आरंभ किया। आठ अन्य हवाई अड्डों पर ऑनलाइन माध्यम से इस सुविधा को शुरू किया गया। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का मकसद 'फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी' (एमआईटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित व निर्बाध सुविधा मुहैया कराना है।


मंत्री ने कहा कि डिजी यात्रा नागर विमान उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रगति है। इसे तीन करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा व्यापक स्वीकृति मिली है।

# जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब मिलेगा, सुरक्षा स्थिति क्यों बिगड़ी: कांग्रेस ने अमित शाह से पूछा

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पर सरकार की नीति को लेकर गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल किया जाएगा और वहां सुरक्षा स्थिति आपके रहते क्यों खराब हो गई।

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने यह भी पूछा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक कार्यपालिका की शक्तियों का उल्लंघन करने का प्रयास क्यों कर रहा है और केंद्र शासित प्रदेश की आर्थिक स्थिति में 'गिरावट' 2019 के बाद से क्यों आई। उन्होंने एक बयान में कहा, स्वयंभू चाणक्य आज जम्मू-कश्मीर में हैं। 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के गिरने के बाद से जम्मू-कश्मीर का प्रशासन मुख्य रूप से गृह मंत्रालय के हाथों में है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वघोषित चाणक्य को अपने शासन के बारे में चार प्रश्नों का उत्तर देना चाहिए।

रमेश ने आरोप लगाया कि 2018 से जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का कोई भी मौका नहीं दिया गया और यह क्षेत्र भाजपा-आरएसएस गुट



द्वारा नियंत्रित नौकरशाही की जागीर बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया, जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष दर्जा समाप्त करने का दावा करते हुए, सरकार ने वास्तव में एक नई और अनूठी राजनीतिक व्यवस्था की एक अतिरिक्त विशेष स्थिति पैदा कर दी है: जहां राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया है, चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं और संवैधानिक नैतिकता के सभी मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। रमेश ने बताया कि 11 दिसंबर 2023 को संसद में दिए अपने भाषण में शाह ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा उचित समय पर बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, राज्य का दर्जा छिन जाने के पांच साल बाद भी जम्मू-कश्मीर के लोगों को अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य का दर्जा वापस मिलने की समयसीमा क्या होगी। पिछले पांच वर्षों के अनुभव के आधार पर, जहां विधानसभा चुनाव किसी न किसी बहाने से टाले गए, जम्मू-कश्मीर के लोग राज्य का दर्जा बहाल करने के केंद्र के आश्वासन पर विश्वास नहीं करते। रमेश ने पूछा कि क्या गृह मंत्री इस महत्वपूर्ण प्रश्न का सीधा उत्तर दे सकते हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा कब वापस आएगा। उन्होंने आगे कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री, स्वयंभू चाणक्य और उनके मंत्रियों की सबसे अधिक दोहराई जाने वाली बातों में से एक यह थी कि अनुच्छेद 370 को हटाने से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर अंकुश लगा है।

# न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री रामचंद्रन और थेनारासु से जुड़े अदालत के आदेश पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु के राजस्व मंत्री के.के.एस.एस.आर. रामचंद्रन और वित्त मंत्री थंगम थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मंत्रियों द्वारा दायर अपील पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में आगे की सुनवाई चार हफ्ते बाद निर्धारित की गयी है।

उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश तब पारित किया जब मामले में पक्षकारों की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने तर्क दिया कि स्वप्रेरित आपराधिक पुनरीक्षण मामले में आरोपमुक्ति को रद्द करने में उच्च न्यायालय द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया सही नहीं थी।

वकीलों ने दलील दी कि उच्च न्यायालय आपराधिक पुनरीक्षण करते समय यह नहीं मान सकता था कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) द्वारा दाखिल मामले को बंद करने की (क्लोजर) रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं थी।

तमिलनाडु के महाधिवक्ता पट्टाभि सुन्दर रमन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार इस आदेश के



खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर करने की योजना बना रही है, क्योंकि यह आदेश डीवीएसी के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करता है।

मद्रास उच्च न्यायालय ने सात अगस्त को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में रामचंद्रन और थेनारासु को आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए निचली अदालत को उनके खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था।

आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने सांसदों और विधायकों के मामलों के लिए विशेष अदालत, विरुधुनगर के क्रमशः 20 जुलाई, 2023 और 12 दिसंबर, 2022 के आदेशों को रद्द कर दिया, जिसमें रामचंद्रन और थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आरोप मुक्त मुक्त कर दिया गया था। दोनों मंत्री द्रमुक के वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें डीवीएसी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामलों में मुकदमे का सामना करना होगा। उच्च न्यायालय ने कहा था कि चूंकि प्रथम दृष्टया आरोप तय करने के लिए सामग्री उपलब्ध है, इसलिए विशेष अदालत आरोप तय करे और उसके बाद कानून के अनुसार आगे बढ़ेगी।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने रामचंद्रन को नौ सितंबर को विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। थेनारासु को 11 सितंबर को विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित होना है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, रामचंद्रन ने अपने, अपनी पत्नी और मित्र के.एस.पी. षणमुगामूर्ति के नाम पर, पिछली द्रमुक सरकार के दौरान 2006 से 2011 के बीच स्वास्थ्य और पिछड़ा वर्ग मंत्री रहते हुए, अपने ज्ञात आय स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।

टी. थेनारासु के खिलाफ अभियोजन पक्ष का मामला यह था कि उन्होंने 2006 से 2011 के बीच स्कूल शिक्षा मंत्री रहते हुए अपने और अपनी पत्नी के नाम पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।



# ‘द हार्ट एंड आर्ट ऑफ टीचिंग’ का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दुनिया भर के स्कूलों और कॉलेजों में कार्यरत शिक्षण समुदाय के लिए आवश्यक दिशानिर्देशों, सलाह, कहानियों और युक्तियों से युक्त पुस्तक ‘द हार्ट एंड आर्ट ऑफ टीचिंग’ का विमोचन शिक्षक दिवस पर किया गया। एवरविन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के वरिष्ठ प्राचार्य पुरूषोत्तम द्वारा लिखित और विश्व प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, भारत द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन तमिलनाडु के स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने कलैवनार अरंगम में एक समारोह में किया। इस मौके पर मानव संसाधन और सीई मंत्री, शेखर बाबू ने पहली प्रति प्राप्त की।

इस कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, भारत के अध्यक्ष सुमंत दत्ता भी उपस्थित थे। इस पुस्तक में 100 विषय शामिल हैं जैसे ‘छात्रों के पसंदीदा शिक्षक कैसे बनें?’, ‘छात्रों में अनुशासन कैसे विकसित करें?’, ‘पिछड़े हुए छात्रों का उत्थान कैसे करें?’, ‘सफलतापूर्वक मल्टीटास्किंग कैसे करें?’, आदि। पुरुषोत्तमन ने कहा कि उन्होंने अपने 36 साल के शिक्षण अनुभव का उपयोग करके यह पुस्तक लिखी है। पुरुषोत्तमन कहते हैं, अन्य सभी व्यवसायों की तरह, शिक्षण क्षेत्र भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। यह पुस्तक शिक्षकों को कौशल, बुद्धिमत्ता, जिम्मेदारी, समर्पण और आत्म-बलिदान विकसित करने में मदद करेगी। समारोह में मंत्री शेखर बाबू ने शिक्षा के क्षेत्र में एवरविन स्कूलों के योगदान के बारे में बताया और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। इसी तरह मंत्री अंबिल महेश ने तमिलनाडु सरकार द्वारा शिक्षा पर खर्च किए गए धन और तमिलनाडु को भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में एवरविन स्कूल के 7 वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एवरविन के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षक थे। संचालन स्कूल के दो छात्रों उजेशा और क्रिस ओवेन ने किया। इस कार्यक्रम में एवरविन समूह की सीईओ मागेश्वरी, निदेशक मुरली कृष्ण, ट्रस्टी विद्या और सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।





# तमिलनाडु ने लिंकन इलेक्ट्रिक, विषय प्रिसिजन, विस्टियन के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान लिंकन इलेक्ट्रिक सहित कई कंपनियों के साथ 850 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

राज्य सरकार ने शुक्रवार को बताया कि शिकॉगो में पांच सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सरकारी अधिकारियों और निवेश के लिए प्रतिबद्ध कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

आर्क वेल्डिंग, रोबोटिक वेल्डिंग सिस्टम और प्लाज्मा व ऑक्सीफ्यूल कटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी लिंकन इलेक्ट्रिक ने चेन्नई के उपनगरीय क्षेत्र में अपने अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण संयंत्र के विस्तार को 500 करोड़ रुपये निवेश के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाने वाली विषय प्रिसिजन ने कांचीपुरम जिले में सेंसर तथा ट्रांसड्यूसर सुविधा स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के निवेश को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह इसकी विनिर्माण इकाई का विस्तार है।

ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माता विस्टियन कॉरपोरेशन ने चेन्नई और कोयंबटूर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए 250 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। लिंकन, विषय और विस्टियन के अमेरिका में मुख्यालय हैं। इन समझौतों से रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर लिखा, अवसरों की भूमि में हर नई सुबह नई उम्मीद लाती है। हमने लिंकन इलेक्ट्रिक, विषय प्रिसिजन और विस्टियन के साथ 850 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। ये हमें हमारे लक्ष्य को साकार करने के और करीब ले आए हैं। अथक प्रयास और दृढ़ संकल्प के जरिये हम अपने सपनों को वास्तविकता में बदलना जारी रखे हैं।

बयान के अनुसार, स्टालिन प्रतिनिधिमंडल के साथ 27 अगस्त को अमेरिका की यात्रा के लिए रवाना हुए। राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए उनका 14 सितंबर तक अमेरिका में रहने का कार्यक्रम है। यह यात्रा 2030 तक राज्य को एक अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील करने के लक्ष्य को हासिल करने की पहल का एक हिस्सा है।

मुख्यमंत्री की वर्तमान अमेरिकी यात्रा के दौरान राज्य सरकार पहले ही कई अग्रणी कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर चुकी है। ऐसे सभी निवेश प्रस्तावों से तमिलनाडु में रोजगार के 5,000 से अधिक अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है।

# न्यायालय ने जमानत की शर्त के रूप में यूट्यूब चैनल बंद करने के आदेश पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/चेन्नई।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस निर्देश पर रोक लगा दी जिसमें यूट्यूबर फेलिक्स जेराल्ड को जमानत देने की शर्तों के तहत अपना चैनल रेडपिक्स 24/7 बंद करने का निर्देश दिया गया था। जेराल्ड को अपने यूट्यूब चैनल पर एक अन्य यूट्यूबर सवुक्कु शंकर का ‘‘आपत्तिजनक’’ साक्षात्कार प्रसारित करने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

शंकर ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और राज्य की महिला पुलिस अधिकारियों के खिलाफ साक्षात्कार के दौरान कुछ टिप्पणियां की थीं। उच्च न्यायालय ने दोनों यूट्यूबर को जमानत देते हुए जेराल्ड को एक शर्त के रूप में अपना चैनल बंद करने को कहा था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और चैनल को बंद करने के विशेष निर्देश पर रोक लगा दी। हालांकि, न्यायालय ने उनसे जमानत की अन्य शर्तों का पालन करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ऽऽआप न्यायपालिका और सभी महिला आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगा रहे हैं। आप इस तरह के साक्षात्कार क्यों करते हैं?’’

यूट्यूबर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि इस तरह का साक्षात्कार नहीं दिखाया जाना चाहिए था। वरिष्ठ वकील ने साथ ही कहा कि चैनल के 24 लाख ऽसब्सक्राइबर’ हैं और इसे बंद करने का निर्देश कठोर है। पीठ ने कहा कि वह जेराल्ड की याचिका को सवुक्कु शंकर द्वारा दायर लंबित याचिकाओं के साथ नहीं जोड़ेगी। इससे पहले शंकर ने राज्य पुलिस द्वारा अपनी हिरासत के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।

न्यायालय ने 30 अगस्त को तमिलनाडु सरकार से कहा था कि वह शंकर को कई आपराधिक मामलों के सिलसिले में रिहा किए जाने के तुरंत बाद हिरासत में लिए जाने के पीछे के कारणों से उसे अवगत कराए। शंकर (48) को कोयंबटूर पुलिस ने चार मई को दक्षिणी थेनी में एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों के बारे में 30 अप्रैल को कथित अपमानजनक बयान देने के आरोप में गिरफ्तार किया था।



# पुडुचेरी में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी शहर और उसके उपनगरों में भारी बारिश होने से विभिन्न क्षेत्रों के निचले इलाकों में पानी भर गया। पुडुचेरी में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बृहस्पतिवार रात को बारिश और आकाशीय बिजली गरजने से लोगों के रोजमर्रा के कामकाज में बाधा उत्पन्न हुई। विनायक चतुर्थी पर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर अस्थायी शिविर लगाने वाले ग्रामीण कारीगरों को बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहे।

# न्यायालय ने जमानत की शर्त के रूप में यूट्यूब चैनल बंद करने के आदेश पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) ने अल्पकालिक सेवा कमीशन (एसएससी)-118, एसएससी (महिला)-32 और समकक्ष पाठ्यक्रमों के अधिकारी कैडेट की ‘पासिंग आउट परेड’ से पहले शुक्रवार को यहां ‘परमेश्वरन ड्रिल स्क्वायर’ में कई गतिविधियां आयोजित कीं। यह कार्यक्रम ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल माइकल ए जे फर्नांडीज के संरक्षण में आयोजित किया गया और इसमें कई शानदार गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। शारीरिक प्रशिक्षण को प्रदर्शित करने वाली इन गतिविधियों ने फिटनेस के प्रति उत्कृष्टता को लेकर अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाया। एक विज्ञप्ति में कहा गया, इसके बाद ‘आर्मी मार्शल आर्ट रिजीम’ (एएमएआर) का एक शानदार प्रदर्शन किया गया और सैन्य बैंड द्वारा एक बेहतरीन प्रस्तुति पेश की गई।

‘हॉर्स राइडिंग क्लब’ के घुड़सवारी प्रशिक्षकों और अधिकारी कैडेट ने घोड़ों और सवारों के बीच बेहतरीन सामंजस्य और समन्वय का उदाहरण पेश किया। इसके अलावा, हवाई युद्धाभ्यास में नवाचार और कौशल को प्रदर्शित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल माइकल फर्नांडीज ने कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनके अनुकरणीय कौशल की प्रशंसा की।

## ओणम की सौगात

# केरल सरकार ने 62 लाख लाभार्थियों के लिए दो महीने की पेंशन की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वामपंथी सरकार ने शुक्रवार को ओणम की सौगात के रूप में 60 लाख से अधिक लाभार्थियों को दो महीने की पेंशन वितरित करने की घोषणा की। राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि इस उद्देश्य के लिए 1,700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने यहां एक बयान में कहा, ओणम के लिए करीब 62 लाख लोगों को 3,200 रुपये मिलेंगे। यह राशि वर्तमान में दी जा रही एक महीने की पेंशन के अतिरिक्त होगी।

अगले सप्ताह से लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण निधि पेंशन वितरित करने के निर्णय को वामपंथी सरकार द्वारा लोकसभा चुनावों के दौरान खोए अपने जनाधार को पुनः प्राप्त करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले, माकपा और उसके सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनावों में अपनी अपमानजनक हार के लिए बकाया भुगतान में देरी को जिम्मेदार ठहराया था और इसमें सुधार की सिफारिश की थी। चुनावों में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 18 सीट मिलीं और भाजपा ने राज्य के राजनीतिक इतिहास में पहली बार अपना खाता खोला।

# कर्म-पुनर्जन्म पर प्रेरक वक्ता की टिप्पणी को लेकर विवाद, मंत्री ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया



**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक प्रेरक एवं आध्यात्मिक वक्ता ने शिक्षक दिवस पर कर्म और पुनर्जन्म पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया और कथित तौर पर बच्चों को जीवन में उनके संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराया। विवाद बढ़ने पर राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने आश्वासन दिया कि यहां एक सरकारी स्कूल में दिए गए विवादास्पद भाषण के लिए वक्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीवाईएफआई और एसएफआई के सदस्यों ने यहां विरोध-प्रदर्शन किया और स्कूल शिक्षा विभाग से सैदापेट और अशोक नगर में सरकारी स्कूलों में आध्यात्मिक जागृति’ कक्षाएं आयोजित करने की अनुमति देने पर सवाल उठाया। प्रदर्शनकारियों ने वक्ता महाविष्णु के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जो एक गैर सरकारी संगठन परमपोरुल फाउंडेशन’ चलाते हैं।

महाविष्णु को भाषण देने के लिए आमंत्रित करने वाले दो सरकारी स्कूलों को भी आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके स्कूल परिसर में बच्चों पर दोष मढ़ा गया और एक दिव्यांग शिक्षक से बदसलूकी की गई, जिसने वक्ता की धार्मिक टिप्पणियों के लिए उनसे बहस की थी। महाविष्णु ने अपने भाषण में गुरुकुलों को व्यवस्थित रूप से नष्ट करने के लिए अंग्रेजों को दोषी ठहराया और दावा किया था कि कुछ मंत्रों के जाप से कोई व्यक्ति अग्नि वर्षा करा सकता है, बीमारियां ठीक कर सकता है और यहां तक कि उड़ सकता है।

वायरल हुए एक वीडियो में उन्हें यह कहते सुना जा सकता है, ‘ये सभी चीजें हमारे पूर्वजों द्वारा धर्मग्रंथों में लिखी गई थीं, लेकिन अंग्रेजों ने उन्हें मिटा दिया।’ उन्होंने कहा था, ‘यदि ईश्वर दयालु होता, तो सभी लोग जन्म से ही समान होने चाहिए थे। कोई अमीर या गरीब, अपराधी या नायक पैदा होता है। ऐसा भेद क्यों? आपको यह जीवन आपके पिछले जन्म के कर्मों के आधार पर मिला है।’

महाविष्णु की टिप्पणियों पर एक शिक्षक ने आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें स्कूल परिसर में आध्यात्मिक प्रवचन के लिए नहीं बल्कि एक प्रेरक वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस पर महाविष्णु की शिक्षक के साथ तीखी बहस हुई। विवाद के बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से कई कार्यक्रमों में शिक्षा के महत्व और वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, विज्ञान प्रगति का मार्ग है।



# शालीमार और चेन्नई सेंट्रल के बीच त्यौहार विशेष ट्रेनें

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए शालीमार-चेन्नई सेंट्रल-शालीमार सेक्टरों में विशेष ट्रेनों के लिए अधिसूचना जारी की है। ट्रेन संख्या 02841 शालीमार-डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल अपने 8 फेरे में प्रत्येक सोमवार 30 सितंबर, 07, 14, 21, 28 अक्टूबर, 04, 11, 18 नवंबर को 18.30 बजे शालीमार से रवाना होगी और अगले दिन 23.20 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 02842 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-शालीमार साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 02, 09, 16, 23, 30 अक्टूबर, 06, 13, 20 नवंबर को डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से 04.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.20 बजे शालीमार पहुंचेगी। दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे ने अधिसूचित किया है कि दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट जंक्शन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पहले रद्द की गई निम्नलिखित ट्रेनें अब सामान्य समय के अनुसार चलने के लिए बहाल कर दी गई हैं।

भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

सत्यमेव जयते

समाचार पत्र विज्ञापन संख्या CBC17102/11/0011/2425 दिनांक 31/08/2024, जो प्रमुख अंग्रेजी और हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था, के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि विज्ञापन में

अनुक्रमांक 1 को इस प्रकार पढ़ा जाए : ''आवेदक की ऊपरी आयु सीमा 01.08.2024 को 66 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।''

विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें और नियम अपरिवर्तित रहेंगे।

CBC 17102/11/0012/2425

# बारां जिले में सहरिया जनजाति के 100 से अधिक बच्चे कुपोषित मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के बारां जिले में दो सप्ताह के भीतर सहरिया जनजाति के 172 बच्चों के कुपोषण से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शाहाबाद-किशनगंज क्षेत्र के बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्रों (एमटीसी) में भर्ती कराया गया, जिनमें से 25 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चे निगरानी में हैं। कुपोषण के मामलों में वृद्धि ने सरकारी स्वास्थ्य तंत्र और जिले के समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले सप्ताह सहरिया जनजाति के एक बच्चे में कुपोषण की पुष्टि हुई थी। इसके बाद बारां के जिलाधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने अगस्त में शाहाबाद-किशनगंज क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए एक सर्वेक्षण कराया जिसमें काफी संख्या में बच्चे कुपोषण से ग्रस्त पाए गए।

तोमर ने बृहस्पतिवार को बताया कि सहरिया जनजाति के अधिकांश परिवार प्रवासी मजदूर हैं और घंटों तक काम में लगे रहने से वह अपने बच्चों की सही देखभाल नहीं कर पाते जिसके कारण वे मौसमी बीमारियों की चपेट में आ जाते है। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि इस जनजाति के बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बारां जिला अस्पताल और समरानियां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमटीसी बिस्तरों की सुविधा अस्थायी रूप से बढ़ाई गई है। बारां में आईसीडीएस की उप निदेशक नीरू सांखला ने बताया कि जिले में विभाग, कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी पर असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के आठ पद स्वीकृत हैं, जबकि वर्तमान में सिर्फ दो पद पर ही अधिकारी काम कर रहे हैं। इसी तरह, महिला पर्यवेक्षकों के स्वीकृत 51 पदों में से केवल 18 पर कर्मचारी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद सहरिया जनजाति के परिवारों को पोषक आहार की आपूर्ति और वितरण निर्बाध तरीके से किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष सहरिया जनजाति के बच्चों के लिए ''उपचारात्मक आहार'' के वास्ते नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) बजट आवंटित नहीं किया गया है। इस मसले ने सत्ताधारी और विपक्षी दोनों दलों के नेताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किशनगंज विधायक ललित मीणा ने पिछले सप्ताह उपचाराधीन बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन करने के लिए एमटीसी का दौरा किया था। मीणा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर सहरिया जनजाति बहुल शाहाबाद और किशनगंज क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-केंद्रों में नए एमटीसी स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने सहरिया जनजाति के परिवारों के लिए धन के आवंटन में बढ़ोतरी और सहरिया आदिवासियों के लिए उन योजनाओं को फिर से शुरू करने की भी मांग की जिन्हें राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था। कांग्रेस पार्टी की पूर्व स्थानीय विधायक निर्मला सहरिया ने समुदाय की मौजूदा स्थिति के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने राज्य में सत्ता में आने के बाद सहरिया जनजातियों के लिए योजनाएं बंद कर दी हैं। अनुमान है कि शाहाबाद-किशनगंज क्षेत्र में सहरिया जनजाति के 40 हजार परिवार रहते हैं।

शाहाबाद खंड के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शेख आरिफ इकबाल ने बताया कि सर्वेक्षण के माध्यम से कुपोषित बच्चों की पहचान की गई थी और अब इनकी संख्या घटकर एक या दो रह गई हैं जो दिखाते हैं कि स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है।

## रेल की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के करौली जिले में रेलगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नारौली डांग पुलिस चौकी प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि हादसा बृहस्पतिवार रात सपोटरा उपखंड के निमोदा रेलवे स्टेशन के पास हुआ। पीड़ित गंगापुर से रणथंभौर स्थित मंदिर तक पैदल यात्रा कर रहे थे। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव होने के कारण तीनों रेल पटरियों पर चलने लगे। उन्होंने बताया कि हादसे में श्याम , कालू उर्फ दर्शन, तरुण निवासी हरिजन बस्ती गंगापुर सिटी की मौत हो गई। ये तीनों दिल्ली-इंदौर सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आ गए। लोको पायलट ने घटना की जानकारी निमोदा स्टेशन मास्टर को दी।



# बारिश का दौर जारी, बीसलपुर बांध के दो गेट खोले गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में बारिश का दौर जारी रहने के बीच पिछले 24 घंटे में भीलवाड़ा जिले में कई जगह भारी वर्षा हुई। इस बीच, भारी बारिश के कारण टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध में जलस्तर पर्याप्त स्तर पर पहुंचने के कारण शुक्रवार को बांध के दो गेट भी खोले गए। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार, शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा हुई है। इस दौरान, भीलवाड़ा जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा हुई और सबसे अधिक बारिश शाहपुरा, भीलवाड़ा में 105 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा, उदयपुर टोंक, सिरोही, पाली, प्रतापगढ़, नागौर, जयपुर, डूंगरपुर, बूंदी व चित्तौड़गढ़ सहित कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा।

इसके अनुसार, पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भाग में आगामी तीन-चार दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। अगले तीन-चार दिन दक्षिण व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश जारी रहने की प्रबल आशंका है। 10 सितंबर से भारी बारिश में कमी होने की संभावना है।

वहीं पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भाग में आगामी दो-तीन दिन मानसून सक्रिय रहने तथा कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर संभाग में आठ सितंबर से तथा जोधपुर संभाग में नौ सितंबर से बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

वहीं, राजधानी जयपुर सहित अजमेर व टोंक जिले में पेयजल आपूर्ति के मुख्य स्रोत बीसलपुर बांध में जलस्तर पर्याप्त स्तर तक पहुंचने के कारण इसके दो गेट शुक्रवार सुबह खोल दि गए। राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने अधिकारियों के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। उसके बाद बांध के दो गेट पानी निकासी के लिए खोले गए।

रावत ने इस अवसर पर कहा, ''बांध के दो गेट खोले गए हैं। सारे गेट खोले जाएं ऐसी कृपा हो। निश्चित रूप से हम कामना करते हैं कि सारे गेट खोले जाएं।''





# गौ-चिकित्सालय से गायों को मिलेगा त्वरित और प्रभावी उपचार : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गौमाता का सनातन संस्कृति में हमेशा से सर्वोच्च स्थान रहा है। गौ-वंश की अपार महिमा के चलते ही छोटे से लेकर बड़े अनुष्ठानों में गाय को पूजा जाता है। गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि और आयुर्वेद का आधार एवं पर्यावरण संरक्षक माना गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए निरंतर अहम निर्णय ले रही है जिससे गौवंश का संरक्षण और संवर्द्धन सुनिश्चित हो सके।

शर्मा शुक्रवार को शाहपुरा के कोटड़ी में सुरभि गौ-चिकित्सालय, गौ गृह एवं आईटीआई भवन के उद्घाटन और सामुदायिक भवन एवं किसान प्रशिक्षण सभागार के विस्तारीकरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की देवनारायण गौशाला में आधुनिक गौ चिकित्सालय की कमी के चलते सुरभि चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया है। इस गौ चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से अब गौवंश का उपचार त्वरित और प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने दानदाताओं-भामाशाहों का इस चिकित्सालय में व्यापक प्रबंधन के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की देखभाल और उसका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस महती जिम्मेदारी को समझकर गौमाता के गौरव को लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठा रही है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालकों के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण, पंजीकृत गौशालाओं के अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि, 100 गौशालाओं को रियायती दरों पर गौ काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न कार्य गौमाता के संवर्धन के लिए किए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र तथा बजट में किए गए सभी वादों को धरातल पर उतारने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संकल्प पत्र में किए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपरलीक प्रकरणों में एसआईटी द्वारा अब तक 115 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इन प्रकरणों में छोटी मछलियां ही नहीं मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं। युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करने वाले किसी भी अपराधी को नहीं बख्शा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बजट में शाहपुरा जिले के विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण एवं चौडाईकरण कार्य करवाए जाएंगे जिससे शाहपुरा में सुदृढ सड़क तंत्र विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए यहां पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पंडेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे।

साथ ही, जहाजपुर में कन्या महाविद्यालय, कोटड़ी में नवीन महाविद्यालय, जहाजपुर में जनजाति छात्रावास और सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोलने जैसे अहम निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन भी किया जा रहा है। बनेड़ा में खेल स्टेडियम, शाहपुरा में खेल अकादमी और काले हिरणों के संरक्षण के लिए शाहपुरा के आसोप क्षेत्र को आखेट निषिद्ध एवं कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र भी घोषित किया है।

# सरकार ने 100 से अधिक आईएएस अधिकारियों के तबादले किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने अपने प्रशासनिक ढांचे में बहुप्रतीक्षित फेरबदल की शुरुआत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 108 अधिकारियों के फेरबदल से की है। इसके तहत जहां 96 अधिकारियों का तबादला किया गया है, वहीं 10 अधिकारियों को पदभार दिया गया है तो 20 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के राजनीतिक व प्रशासनिक हलकों में लंबे समय से तबादलों की सूची को लेकर अटकलें थीं। राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने बृहस्पतिवार देर रात इस बारे में आदेश जारी किया। इस प्रशासनिक फेरबदल में जयपुर समेत 13 जिलों के कलेक्टरों के अलावा जयपुर और बांसवाड़ा के संभागीय आयुक्तों का भी तबादला किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह का तबादला राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) के अध्यक्ष पद पर किया गया है। आईएएस अधिकारी श्रेया गुहा को अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) से अतिरिक्त मुख्य सचिव (ग्रामीण विकास) पद पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) विभाग अखिल अरोड़ा और गृह विभाग के प्रमुख सचिव आनंद कुमार को इस सूची में नहीं बदला है। अरोड़ा कांग्रेस शासन में भी वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव थे। कुमार 2022 से इसी विभाग में हैं।

तबादला आदेश के अनुसार, आईएएस अधिकारी भास्कर सावंत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव होंगे। समित शर्मा को पशुपालन विभाग में शासन सचिव पद पर भेजा गया है। वैभव गालरिया को कृषि विभाग के प्रमुख सचिव से नगरीय विकास विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। टी रविकांत को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव से खान एवं पेट्रोलियम विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। भानु प्रकाश एटूरू को बिजली कंपनियों (डिस्कॉम्स) के अध्यक्ष पद से हटाकर जनजाति विकास विभाग (टीएडी) के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। एटूरू की जगह अब आरती डोगरा डिस्कॉम्स की अध्यक्ष होंगी।

नयी सूची में बांसवाड़ा के संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन को खेल विभाग में प्रशासनिक सचिव बनाया गया है। आरुषि अजय मलिक की जगह रश्मि गुप्ता को जयपुर संभागीय आयुक्त बनाया गया है। वहीं, जयपुर के जिला कलेक्टर बनाए गए डॉ. जितेंद्र सोनी को दूदू और जयपुर ग्रामीण कलेक्टर का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। जिन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है उनमें गायत्री राठौड़, अश्विनी भगत, राजेश यादव, हेमंत गेरा के नाम भी शामिल हैं। सरकार ने झुंझुनू, जालौर, चुरू, अजमेर सहित कई जिलों में नए जिला कलेक्टर नियुक्त किए हैं। राज्य सरकार ने पदस्थापन की प्रतीक्षा सूची में शामिल 10 आईएएस अधिकारियों को उद्योग विभाग में विशेष अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।



# सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए संवेदनशील : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर जिले के लूणी विधानसभा क्षेत्र के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए संवेदनशील होकर कार्य कर रही हैं।

इस बार क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। राज्य सरकार किसानों के हित में शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगी।

इस दौरान पटेल ने काश्तकारों के साथ फसल खराबे का निरीक्षण कर किसानों की समस्याओं को सुना और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पटेल ने कहा बारिश बंद होने के पश्चात अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करवाकर किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का किसानों को समुचित लाभ मिले इसके लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को समय पर गिरदावरी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य में अधिकारी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।



# जेकेके में तीन दिवसीय 'सुर-ताल' उत्सव का आगाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र में सुर-ताल उत्सव का आगाज हुआ। 6 सितम्बर से 8 सितंबर तक चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कर्राले द्वारा आयोजित फोटोग्राफी वर्कशॉप से हुई। डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएएस श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि काउंसिल द्वारा आयोजित इस सुर-ताल उत्सव में तीन दिन तक संगीत, नृत्य, ग़ज़ल गायन आदि कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जांएगी। उन्होंने कहा कि काउंसिल द्वारा कला प्रेमियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाते हैं। इसी क्रम में आज इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिकाधिक क्षेत्रीय संस्कृतियों, कलाओं, विरासतों और परम्पराओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान अरिजीत बनर्जी ने फोटोग्राफी वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया और कहा कि वर्तमान समय में स्मार्टफोन व डिजिटल कैमरा की सहायता से फोटोग्राफी करना काफी आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों की फोटो लेते समय उनकी व बच्चों के माता-पिता की सहमती अवश्य लेनी चाहिए। बनर्जी ने वर्कशॉप में उपस्थित प्रतिभागियों को जिज्ञासापूर्वक फोटोग्राफी के नए व तकनीकी पहलुओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य भंडारण निगम संदीप वर्मा, पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक मो. फुरकान खान, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024

# भजन लाल शर्मा दक्षिण कोरिया और जापान में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का करेंगे नेतृत्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी 9 से 11 दिसंबर को आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 9 से 14 सितंबर के बीच अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से मिलने के लिए दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा और उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी में 'नीमराना दिवस' समारोह में भी भाग लेगा। नीमराणा राजस्थान के अलवर जिले में एक जापानी औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें कई जापानी कंपनियां काम करती हैं। दक्षिण कोरिया और जापान के इस दौरे में, माननीय मुख्यमंत्री इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टील, ऑटोमोटिव, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, भारी उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के कई कंपनियों के अधिकारियों से भी मिलेंगे और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

प्रदेश में निवेश हेतु वैश्विक कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए जा रहे इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेम चंद बैरवा,अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको और बीआईपी के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। राजस्थान सरकार का यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पॉस्को इंटरनेशनल, डाइकिन, हिताची, बेल्टेक्नो, सैमसंग हेल्थकेयर, हनवा सॉल्यूशन जैसी कई जापानी और कोरियाई फर्मों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

जापान और दक्षिण कोरिया में इन्वेस्टर्स मीट के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए मुख्य फोकस क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम और डिजाइन मैन्यूफैक्चरिंग, स्टोन्स आदि होंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल अपनी जापान यात्रा के दौरान प्रवासी राजस्थानियों (एनआरआर) के एक समूह से भी मिलेगा और सामुदायिक कार्यक्रमों में भी भाग लेगा। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में दो राउंड-टेबल्स में भी भाग लेगा, जिसमें पहला राउंड-टेबल टूरिज्म एसोशिएन के साथ और दूसरा राउंड-टेबल कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ आयोजित है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल और अन्य उद्योग प्रतिनिधियों के लिए जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार विशेष रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगे।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 की तैयारी के सिलसिले में राज्य सरकार देश और दुनिया के कई शहरों में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने जा रही है। जहां देश के अंदर मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई जैसे वाणिज्यिक केंद्रों पर इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने की योजना है, वहीं विदेशों में यह इन्वेस्टर्स मीट दक्षिण कोरिया, जापान, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर आदि में आयोजित होगी। पिछले महीने, देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 का पहला घरेलू इन्वेस्टर्स मीट आयोजित हुआ था, जिसमें 4.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश संबंधित एमओयू (चेणी) पर हस्ताक्षर किए गए थे।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस त्रि-दिवसीय मेगा सम्मिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैय्या कराना है।



# 'विकास भी, विरासत भी' थीम पर विकसित हो महाराणा प्रताप सर्किट : दीया कुमारी

जयपुर/दक्षिण भारत। प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व बहुत विराट और विश्व वंदनीय है। राज्य सरकार की ओर से बजट घोषणा में प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को लेकर हितधारकों के सुझाव प्राप्त करने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टूरिस्ट सर्किट में यथासंभव महाराणा प्रताप से जुड़े सभी प्रमुख स्थलों को शामिल किया जाएगा। इसमें प्रयास रहेगा कि उन स्थलों पर अवस्थित ऐतिहासिक धरोहरों को यथावत रखते हुए उन्हें संरक्षित कर साफ-सफाई, सुरक्षा, लाइटिंग, ऑडियो गाईड, साउण्ड, पर्यटकों के लिए सुविधाएं, पेयजल, बैठक आदि की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने धरोहर से छेड़छाड़ न करने व उसे मूल स्वरूप में ही संरक्षित करने के साथ-साथ धरोहर के प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया पर प्रमोशन तथा उसकी मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाएगा ताकि अधिकाधिक पर्यटक इनकी ओर आकर्षित हो। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकार ने कई स्थानों पर बड़ा बजट खर्च किया परंतु व्यवस्थित कार्ययोजना के अभाव में कोई सुधार नहीं दिखा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रताप टूरिस्ट सर्किट में अतिरिक्त नवीन निर्माण के बजाए विरासत को संरक्षित करने पर फोकस रहे तो बेहतर रहेगा।

# विकास और सुरक्षा का मॉडल ही उत्तर प्रदेश को उज्ज्वल भविष्य के मार्ग पर ले जाएगा : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**गोरखपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसका लाभ अनंत काल तक प्राप्त होगा।

प्रदेश के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपए की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बालापार, टिकरिया से लेकर गांगी तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान हो जाएगा और आधे घंटे की दूरी अब पांच मिनट में पूरी हो जाएगी।

योगी ने कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे रखा है कि इस सडक निर्माण के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलना पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''इन विकास परियोजनाओं में प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा को स्मार्ट स्कूल बनाने, इसी ग्राम पंचायत में स्मार्ट पंचायत भवन और बालापार-टिकरिया मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण व बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में उच्चीकरण तथा नवीन थाना सोनबरसा के प्रशासनिक-आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के शिलान्यास शामिल हैं।'' समारोह में उपस्थित जनसमूह से मुख्यमंत्री ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओं को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी।


मुख्यमंत्री ने अपने गह जिले के विकास की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि ''रामगढ़ताल की ही तर्ज पर चिलुआताल का भी पर्यटन विकास कराया जा रहा है। यह पर्यटन का नया केंद्र बना है और इससे रोजगार की संभावनाएं भी आगे बढ़ेंगी।''

योगी ने कहा, ''एक दौर वह भी था जब कोई बाहरी व्यक्ति गोरखपुर आना नहीं चाहता था। आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक गोरखपुर आते हैं।'' उन्होंने बताया कि कल उपराष्ट्रपति सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने गोरखपुर आएंगे।

## बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ रोके बीजीबी: सीमा सुरक्षा बल

**नई दिल्ली/भाषा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से कहा है कि वह अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के मद्देनजर देश के (बांग्लादेश के) नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोके। बीएसएफ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने यह भी कहा कि वह 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की शुचिता बनाए रखने के साथ-साथ सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त विशेष समिति की कोलकाता में हुई बैठक के बाद बल ने बताया कि 12 अगस्त से अब तक दोनों सीमा सुरक्षा बलों-बीएसएफ और बीजीबी - के बीच विभिन्न स्तरों पर 722 बैठकें हो चुकी हैं। बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि दोनों सीसुब ने संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में 1,367 बार एक साथ समन्वित गश्त (एससीपी) की। इसमें कहा, इन सीमा बैठकों के दौरान, बीजीबी अधिकारियों को बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से घुसपैठ करने से रोकने के लिए अवगत कराया गया है। बीजीबी ने बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों और अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े लोगों की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आश्वासन दिया है।



## वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य, सहयोगियों के घरों पर छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कलकत्ता राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज में 'डेटा एंट्री ऑपरेटर' और आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के करीबी माने जा रहे प्रसून चट्टोपाध्याय को अस्पताल में हुई कथित अनियमितताओं के सिलसिले में हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

ईडी अधिकारियों को दोपहर करीब दो बजे चट्टोपाध्याय को दक्षिण 24 परगना जिले के सुभाषग्राम स्थित उनके आवास से बाहर लाते हुए देखा गया। इससे पहले अधिकारियों ने उनके घर पर सात घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाया । इसके बाद चट्टोपाध्याय को जिले के कैनिंग क्षेत्र के मध्य नारायणपुर ले जाया गया, जहां घोष ने कथित तौर पर तीन साल पहले दो बीघा जमीन पर करोड़ों रुपए का फार्म हाउस-बंगला बनवाया था। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घोष अपने परिवार के सदस्यों के साथ अक्सर वहां आते थे। कथित तौर पर खुद को घोष का निजी सहायक बताने वाले चट्टोपाध्याय को भी नौ अगस्त के कथित वीडियो में आर.जी. कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में भीड़ के बीच देखा गया था, जहां प्रशिक्षु चिकित्सक का शव मिला था। कलकत्ता राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी चट्टोपाध्याय कथित तौर पर अपने आधिकारिक कार्यस्थल में उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करते थे, लेकिन अपना दिन आरजी कर स्थित घोष के कार्यालय में बिताते थे।



## बंगाल के राज्यपाल को राजनीति से प्रेरित बयान नहीं देना चाहिए : बनर्जी

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस से राजनीति से प्रेरित बयान नहीं देने का आह्वान किया। बनर्जी ने कहा कि उन्हें संविधान पर गौर करना चाहिए और यह निर्धारित करना चाहिए कि विधानसभा द्वारा पारित दुष्कर्म विरोधी विधेयक को किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है या नहीं। बोस ने बृहस्पतिवार शाम को विधेयक के साथ तकनीकी रिपोर्ट भेजने में विफल रहने के लिए ममता बनर्जी प्रशासन की आलोचना की थी। इस समय विधेयक बोस के पास मंजूरी के लिए लंबित है। बनर्जी ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''मैं माननीय राज्यपाल से अनुरोध करूंगा कि वे संविधान पर गौर करें और स्वयं निर्धारित करें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है या नहीं।'' विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल को ''राजनीतिक टिप्पणी'' करने से बचना चाहिए।

विधानसभा के सूत्रों के मुताबिक, विधेयक को लेकर तकनीकी रिपोर्ट राजभवन को भेज दी गई है। राजभवन के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''राज्यपाल ने 'अपराजिता विधेयक' के साथ तकनीकी रिपोर्ट संलग्न करने में विफल रहने के लिए राज्य प्रशासन की आलोचना की। नियम के अनुसार, किसी विधेयक को मंजूरी देने पर निर्णय लेने से पहले राज्य सरकार के लिए तकनीकी रिपोर्ट भेजना अनिवार्य है।'' उन्होंने कहा, ''यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने तकनीकी रिपोर्ट नहीं भेजी और विधेयकों को मंजूरी न देने के लिए राजभवन को दोषी ठहराया।''

## ममता के इस्तीफे के बगैर कोलकाता चिकित्सक बलात्कार-हत्या मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ हमला तेज करते हुए उनसे तत्काल इस्तीफा देने की मांग की और कहा कि कोलकाता में एक चिकित्सक से बलात्कार-हत्या मामले की निष्पक्ष जांच तब तक संभव नहीं है, जब तक वह पद पर हैं। भाजपा ने यह हमला तब किया है, जब बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए मृत चिकित्सक के परिवार के सदस्यों ने कोलकाता पुलिस पर



जल्दबाजी में शव का अंतिम संस्कार करके मामले को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा सदस्य संबित पात्रा ने कहा कि पीड़िता के पिता ने कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, ''पीड़िता के पिता ने कहा है कि जब शव उनके घर पर रखा गया था, तो डीसी नॉर्थ (कोलकाता पुलिस का) उनके पास आए और उन्हें पैसे देने की कोशिश की। क्यों? प्रशासन पीड़िता के माता-पिता को रिश्वत देकर क्या छिपाने की कोशिश कर रहा था?''

पात्रा ने कहा, ''जब तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल पद पर बने रहेंगे, मामले में निष्पक्ष जांच संभव नहीं है... इसलिए भाजपा दोनों से कहती है कि निष्पक्ष सुनवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दें।'' भाजपा नेता ने कहा कि जिस जगह पर अपराध होने का संदेह है, वहां से सटे एक डॉक्टर के कमरे और शौचालय को ढहाए जाने से भी कई सवाल खड़े होते हैं।

## केंद्र ने सिक्किम के लिए 400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी : मुख्यमंत्री तमांग

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डीओएनईआर) मंत्रालय ने इस हिमालयी राज्य के लिए 400 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तमांग ने सिक्किम के लिए विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में विकास गतिविधियों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं सिक्किम की



यात्रा करने और राज्य के विकास के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए सिंधिया का बहुत आभारी हूं।

तमांग ने कहा कि नई परियोजनाओं से बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा और हिमालयी राज्य के विकास में तेजी आएगी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सिंधिया ने कहा कि केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने सिक्किम सरकार द्वारा मंत्रालय को भेजी गई विभिन्न परियोजनाओं पर विचार किया तथा राज्य में एक नया मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए 170 करोड़ रुपए, नामची जिला अस्पताल के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 150 करोड़ रुपए तथा मंगन जिला अस्पताल के उन्नयन के लिए छह करोड़ रुपए मंजूर किए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सिक्किम में स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि लोगों को अपने राज्य में सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

## मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर बम हमले में बुजुर्ग की मौत, पांच अन्य घायल

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के बम हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा। शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है। अधिकारी ने कहा, बम फटने के समय बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में 13 वर्षीय लड़की सहित पांच अन्य घायल हो गए। यह रॉकेट आईएनए मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर गिरा। आजाद हिंद फौज (आईएनए) के लेफ्टिनेंट कर्नल शौकत अली ने 14 अप्रैल, 1944 को मोइरांग में आईएनए के सर्वोच्च कमांडर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मार्गदर्शन में पहली बार भारतीय धरती पर स्वतंत्र भारत का तिरंगा झंडा फहराया था। इससे पहले दिन में, राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित ट्रोंगलाओबी में एक रॉकेट दागा गया।

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए बंगाल में कुछ ही 'फास्ट ट्रैक' विशेष अदालतें: मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय के लिए पश्चिम बंगाल के केवल पांच से छह जिलों में 'फास्ट ट्रैक' विशेष अदालतें संचालित होने के लिए शुक्रवार को राज्य सरकार से सवाल किया।

मेघवाल ने कहा कि राज्य ने पिछले दिनों ही और भी जिलों में ऐसी अदालतें स्थापित करने के लिए नये सिरे से प्रस्ताव भेजे हैं। यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में मेघवाल ने कहा कि कोलकाता में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना शर्मनाक है। उन्होंने कहा, ''मामला उच्चतम न्यायालय में आया। तब (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी ने फास्ट ट्रैक अदालतों की जरूरत के बारे में पत्र लिखा। यह योजना (फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की) अभी प्रभाव में है।'' मेघवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पांच-छह जिलों के अलावा विशेष अदालतें नहीं खोली गईं। उन्होंने कहा, ''अब कुछ जिलों के लिए उनके प्रस्ताव मिले हैं। बंगाल की जनता, देशभर के लोग इस घटना से आक्रोशित हैं।'' उन्होंने



कहा, ''पुलिस का रवैया सवालों के घेरे में है। मामला उच्चतम न्यायालय में है।''

मेघवाल ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा बनर्जी को हाल में लिखे गए पत्र का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों से निपटने के लिए अतिरिक्त 11 फास्ट ट्रैक विशेष अदालत (एफटीएससी) का संचालन शुरू नहीं किया है। देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने 88 फास्ट ट्रैक अदालत(एफटीसी) स्थापित की हैं, जो केंद्र सरकार की योजना के तहत आने वाली फास्ट ट्रैक विशेष अदालत (एफटीएससी) के समान नहीं हैं। बनर्जी ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दो बार पत्र लिखा है। अपने नवीनतम पत्र में, उन्होंने बलात्कार/बलात्कार और हत्या के मामलों के समयबद्ध निपटान के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।

## नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान के लिए जल्द परामर्श बैठकें करेगी नगालैंड सरकार

**कोहिमा/भाषा।** नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान नगालैंड सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है और इसका जल्द हल निकालने के लिए विचार-विमर्श के वास्ते सार्वजनिक परामर्श बैठकें आयोजित की जाएंगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नगालैंड की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने 28 अगस्त को इस जटिल मुद्दे पर चर्चा की थी और शीर्ष आदिवासी संगठनों तथा नागरिक संगठनों के साथ परामर्श बैठकें आयोजित करने का फैसला किया था।

पीएसी में राज्य के विधायक और सांसद हैं और इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीफियू रियो हैं। नगालैंड के मंत्री और सरकार के प्रवक्ता के जी केन्ये ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''नगा मुद्दे का समाधान राज्य सरकार के शीर्ष एजेंडे में है जिसके लिए बहुत जल्द सभी पक्षों के साथ बैठकें की जाएंगी।''

भारत सरकार और नगा राजनीतिक समूहों ने 1997 में संघर्ष विराम समझौता किया था और दशकों से चली आ रही राजनीतिक समस्या के समाधान के लिए विभिन्न समूहों से अलग-अलग बातचीत भी की थी।




## प्रवीण कुमार ने टी64 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेरिस/भाषा।** टोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के प्रवीण (21 साल) ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। प्रवीण के स्वर्ण पदक से भारत पदक तालिका में 14वें स्थान पर पहुंच गया। भारत ने अब तक छह स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक से पैरालंपिक खेलों के एक चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी दर्ज किया। भारत ने प्रवीण के स्वर्ण से टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदकों की तालिका को भी पीछे छोड़ दिया। टोक्यो पैरालंपिक में भारत ने पांच स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक जीते थे। प्रवीण ने देश के लिए छठा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाये रखा।

## ड्रोन हमलों के विरोध में इम्फाल घाटी के जिलों में हजारों लोगों ने रैलियों में हिस्सा लिया

**इंफाल/भाषा।** इंफाल घाटी के पांच जिलों में हजारों लोगों ने शुक्रवार को मानव शृंखला रैलियों में भाग लिया और मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन और अन्य हमलों का विरोध किया। इन हमलों में दो नागरिकों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। रैली में भाग लेने वालों ने राज्य में चल रहे संघर्ष से निपटने के सरकार के तरीके पर भी असंतोष व्यक्त किया। मणिपुर अखंडता संबंधी समन्वय समिति द्वारा आयोजित इस रैली में स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विभिन्न इलाकों की महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने थौबल जिले के लिलोंग चाजिंग, थौबल बाजार और इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई, क्वाकेथेल, सिंगजामेई में सड़कों के किनारे कतारों में खड़े होकर कोत्रुक और सेनजाम चिरांग में हुए हाल के हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई के युवा नेता पी हीरोजीत सिंह ने कहा, कौत्रुक और सेनजाम चिरांग में ड्रोन और बंदूक से किए गए हमले बिना किसी उकसावे के किए गए।

# पैरालंपिक तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर की निगाहें अगली चुनौतियों पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेरिस/भाषा।** टोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक का रंग बदलकर पेरिस में स्वर्ण करने वाले स्टार पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह का अगला लक्ष्य अपनी इसी लय को जारी रखना और अपनी पीएचडी पूरी करना है।

टोक्यो में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा तीरंदाज हरविंदर ने बृहस्पतिवार को पेरिस में



पुरुषों की रिकर्व स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर फिर से इतिहास रच दिया। अपनी तैयारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने शुक्रवार को मीडिया से कहा, ''भारत में साई सोनीपत में तैयारियां अच्छी चल रही थीं जहां मेरे दोनों कोच थे जिनसे काफी मदद मिली। हम स्पर्धा से 15 दिन पहले फ्रांस आए थे और मैं अच्छा निशाना लगा रहा था। '' उन्होंने कहा, ''मैं कुछ तकनीकी पहलुओं पर काम कर रहा था। मैं कोरिया जाना चाहता था लेकिन कोच को सोनीपत बुलाया गया। ''

हरविंदर को डेढ़ साल की उम्र में डेंगू होने के बाद एक स्थानीय डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया। लेकिन इसके बाद से वह अपने पैरों को हिला नहीं पाये। टोक्यो में तीरंदाजी में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय हरविंदर ने अपेक्षाओं के दबाव के बारे में बात करते हुए कहा, ''जिस तरह से लोग शुभकामना देते थे तो यह एक तरह से मुझे संदेश देता था कि मुझे अब पदक का रंग बदलने की जरूरत है। '' हरविंदर 2012 ओलंपिक के बाद पैरा तीरंदाजी में शामिल हुए और अब उनका लक्ष्य अपनी पीएचडी पूरी करना है क्योंकि खेलों में करियर शुरू करने के कारण वह इसे पूरा नहीं कर सके। उन्होंने कहा, ''मैं 2018 तक पढ़ाई में सक्रिय था। 2012 से मैं सुबह पढ़ाई करता और शाम को अभ्यास करता और ऐसे दिन भी होते जब मैं दो सत्र करता।''

## मेरे खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था, यह बात सत्य हुई : बृजभूषण

**गोंडा/भाषा।** महिला पहलवान विनेश फोगाट के शुक्रवार को कांग्रेस शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुये भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि यह बात सत्य साबित हुयी कि उनके खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था।

गोंडा के डुमरियाडीह स्थित एक निजी विद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा, ''मेरे खिलाफ जब महिला पहलवानों ने आरोप लगाए थे, मैंने तभी बोल दिया था कि यह कांग्रेस की साजिश है। हरियाणा के बड़े नेता दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हमारे खिलाफ साजिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने जो बात पहले दिन कही थी, आज भी उसी पर कायम हूं और आज वही बात पूरा



देश कह रहा है। अब मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है।''

सिंह ने कहा, ''इस प्रकरण पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, अन्यथा यह बात तुरंत हरियाणा पहुंच जाएगी। इस समय पूरा देश इंतजार कर रहा है कि बृजभूषण शरण सिंह इस मुद्दे पर कुछ बोलें।'' हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय रेलवे की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गयीं।

फोगाट के अलावा पूर्व ओलंपियन बजरंग पूनिया ने भी कांग्रेस का हाथ थामा। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर फोगाट और पूनिया के साथ राहुल गांधी की एक तस्वीर साझा की है।

## सुविचार

**पीठ हमेशा मजबूत रखनी चाहिए, क्योंकि शाबाशी और धोखा दोनों पीठ के पीछे ही मिलते है!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कैसे लाभ में आए डाक विभाग?

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग को लाभ में लाने के लिए एकजुट होकर काम करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने संबंधी जो आह्वान किया है, उसकी आज बहुत जरूरत है। डाक विभाग का जनता से गहरा संबंध रहा है। जब अपनों का हालचाल जानने और अपने मन की बात पहुंचाने के लिए पत्र ही सबसे बड़ा माध्यम थे, तब डाकघरों में इनका अंबार लगा रहता था। कई बार लोग शिकायत भी करते थे कि उनके पत्र समय पर नहीं मिल रहे, तो पता चलता था कि बड़ी संख्या में पत्र आ रहे हैं, इसलिए पहुंचाने में समय लग रहा है। नब्बे के दशक तक यह सिलसिला जोर-शोर से जारी रहा, लेकिन नई सदी में जैसे ही मोबाइल फोन क्रांति घर-घर पहुंची, लोगों का पत्रों से मोहभंग होता गया। पहले, प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरकर भेजने, कॉल लेटर और परीक्षा परिणाम की सूचना पाने में डाक विभाग की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती थी। अब ये सब काम ऑनलाइन हो गए। ब्याह-शादी के निमंत्रण पत्र हों या भाई-बहन के प्रेम की प्रतीक राखियां, डाक विभाग ने कितने ही रिश्तों को जोड़ा है। कोरोना काल के बाद शादियों के निमंत्रण पत्र भी तेजी से डिजिटल हो गए। वहीं, राखियां भेजने में प्राइवेट कूरियर कंपनियों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। यह हकीकत है कि शहरों में कम वजन वाली कोई चीज या दस्तावेज आदि भेजना हो, तो प्राइवेट कूरियर कंपनियों की सेवाएं लेने का चलन बढ़ता जा रहा है। निस्संदेह इन कंपनियों का अभी उतना बड़ा नेटवर्क नहीं है, जितना डाक विभाग का है। अगर आपको राजस्थान की सुदूर ढाणी, उत्तराखंड के दूर-दराज के गांव या अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले अपने किसी मित्र को कोई दस्तावेज भेजना हो तो डाक विभाग ही मददगार साबित होता है। बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े नेटवर्क, व्यापक अनुभव और सरकारी सहायता के बावजूद डाक विभाग उस मुकाम तक क्यों नहीं पहुंच सका, जिसका यह हकदार है?

यही सवाल ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इन शब्दों में पूछा है, '... हम भारत सरकार के लिए एक लागत केंद्र हैं। हमारा राजस्व प्रवाह 12,000 करोड़ रु., लागत प्रवाह 36,000 करोड़ रु. है। ऐसा क्यों है कि मेरा परिवार सरकार के लिए लाभ केंद्र नहीं बन सकता? एक बड़ा लक्ष्य है ... 12,000 करोड़ रु. के राजस्व से 40,000 करोड़ रु. तक जाना, लेकिन यह संभावना के दायरे से बाहर नहीं है।' सिंधिया का सवाल वाजिब है। डाक विभाग को लाभ का केंद्र जरूर बनाना चाहिए। यह संभव है, लेकिन इससे पहले उन कारणों का पता लगाना होगा, जो इसकी प्रगति की राह में रुकावट बने। इसका बड़ा कारण है- समय के साथ खुद को अपडेट न करना। यह नहीं भूलना चाहिए कि नब्बे के दशक तक पत्रों से लेकर रुपए भेजने तक, डाक विभाग का ही जलवा था। इसकी खूबियों पर कई लोकगीत रचे गए, जो बड़े मशहूर हुए थे। लोग डाकिए का इंतजार करते थे, क्योंकि वह पत्र ही नहीं, मनीऑर्डर लेकर भी आता था। जिस घर में हर महीने मनीऑर्डर आता, उसे विशेष सम्मान के साथ देखा जाता था। चूंकि बैंकों के जरिए रुपए भेजना (तुलनात्मक रूप से) इतना आसान नहीं था। सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों तक बैंकों की पहुंच नहीं थी। अगर कोई ग्रामीण अपना बैंक खाता खुलवाना चाहता तो उसे शहर जाना पड़ता था। खाता खुलवाने के लिए कई जगह चक्कर लगाने पड़ते थे, जबकि डाकघर से मनीऑर्डर भेजने के लिए सिर्फ एक फॉर्म भरना पड़ता था। कालांतर में मोबाइल फोन ने पत्र की और डिजिटल पेमेंट ने मनीऑर्डर की जगह ले ली। हालांकि डाक विभाग भी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक लेकर आया, लेकिन तब तक बाजार में प्राइवेट कंपनियां पूरी तरह छा गई थीं। डाक विभाग को लाभ में लाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को नए उत्साह के साथ काम में जुटना होगा। विभाग के विशाल नेटवर्क का इस्तेमाल ई-कॉमर्स के लिए करें, जिसमें समयबद्धता का खास ध्यान रखा जाए। बचत योजनाओं की पहुंच बढ़ाई जाए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। तकनीकी बदलावों पर नजर रखें और उन्हें अपनाने के लिए तैयार रहें। त्योहारी सीजन में आकर्षक ऑफर लेकर आएं और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए जनता तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाएं। इन उपायों से डाक विभाग निश्चित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## ट्वीटर टॉक



उदयपुर में दिवंगत छात्र देवराज के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।साथ ही सरकार की ओर से 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि परिजनों को सौंपी। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**-दीया कुमारी**



1962 के युद्ध में अप्रतिम साहस और युद्ध कौशल का प्रदर्शन करने वाले, परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर धन सिंह थापा जी की पुण्यतिथि पर सविनय नमन। दुर्गम परिस्थितियों में उनकी नेतृत्व क्षमता, सूझबूझ और बहादुरी ने भारतीय सेना को गौरवान्वित किया।

**-ओम बिरला**



करीब 3 महीने से भी अधिक समय से एल-3-एल4 में स्लिप डिस्क से पीड़ित होने के कारण मैं घर पर ही स्वास्थ्य लाभ एवं चिकित्सकीय परामर्श ले रहा था। पहले जयपुर, कल मुंबई एवं आज कोयम्बटूर जाकर मैंने अपनी चिकित्सकीय जांच करवाई। अब मैं स्वस्थ हूं।

**-अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

# गुणों से मूल्यांकन

एंड्रयू कार्नेगी अपने शुरुआती दिनों में ही अमेरिका चले गए थे। वहां छोटे-मोटे काम करने के बाद वे ऐसी कंपनी के मालिक बन गए जो अमेरिका में स्टील बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी थी। एक दिन कार्नेगी के पास एक व्यक्ति आया और उनसे पूछा कि आप लोगों से किस तरह से पेश आते हैं? कार्नेगी ने जवाब दिया कि लोगों से पेश आना सोने की खुदाई करने के तरीके जैसा ही है। जब सोने की खुदाई की जाती है तो एक तोला सोना निकालने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए काफी मिट्टी खोदी जाती है। लेकिन जब भी सोने की खुदाई हो रही होती है तो कोई यह ध्यान नहीं देता है कि कितनी मिट्टी निकाली जा चुकी है या फिर निकाली जानी है। सभी का ध्यान इसी पर होता है कि सोना कितनी खुदाई के बाद निकलेगा। सभी का ध्यान लक्ष्य की तरफ होता है। इसी तरह हर व्यक्ति में कमियां होती हैं, लेकिन कमियों पर ध्यान देने की बजाय उनके अच्छे कामों पर ध्यान देना चाहिए और यह देखना चाहिए कि वह अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कामों को कितने बेहतर तरीके से कर पा रहा है।

## सामयिक

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034



गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों में अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों में अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे-धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई। 1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना। भगवान गणेश ने बिना रुके दस दिनों तक महाभारत लिखी। इस दौरान एक ही स्थान पर लगातार लेखन करने के कारण गणेश जी के शरीर पर धूल और मिट्टी जम गई थी। दसवें दिन गणेश जी ने सरस्वती नदी में स्नान करके शरीर पर जमी धूल और मिट्टी को साफ किया। तभी से गणेश उत्सव के दसवें दिन गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी ख़ुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज मे एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।

## विशेष

# आज हमारे घर आना मां गौरी के लाला

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे देश में बड़े ही धूमधाम और पूजा पाठ से मनाया जाता है। प्रत्येक घर और व्यापारिक संस्थान में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है।

भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। अंग्रेजी तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव इस साल 7 सितंबर, शनिवार से शुरू हो कर विसर्जन 17 सितंबर को होगा। भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना का मूहुर्त सुबह 11 बजकर 3 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। इस भांति भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए ढाई घंटे का समय मिलेगा। ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक इस बार गणेश चतुर्थी के अवसर पर रवि योग सुबह 6 बजकर दो मिनट से बन रहा है, इस योग में सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं। विद्वानों के अनुसार गणेश चतुर्थी को मूर्ति और कलश स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त अच्छा माना जाता है। इस साल चतुर्थी पर अभिजीत मुहूर्त प्रातः 11:54 बजे से दोपहर 12:44 बजे तक है।

भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्वितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है। इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरूवात से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है । श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं। इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा. लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है. भारत ही नहीं भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बना कर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इसपर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक हो कर पुत्र गणेश को हृदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।

## नजरिया

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हैवानियत और नफरत कब तक?

मनोज कुमार अग्रवाल
मोबाइल : 9219179431

शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में वहां की बड़ी अल्पसंख्यक हिन्दू आबादी पर बहुसंख्यक कट्टरपंथी तत्वों द्वारा अमानवीयता भरी बर्बरता हैवानियत भरे अत्याचार का सिलसिला बेहद शर्मनाक है और बदस्तूर जारी है। सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज़्म एंड ह्यूमन राइट्स द्वारा बांग्लादेश में हाल ही में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों और राजनीतिक उथल-पुथल पर आधारित एक रिपोर्ट पेश की है। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में हाल ही में यह रिपोर्ट रखी गई, जहां पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वपन दासगुप्ता और जाने माने चिंतक दीप हलदर (लेखक, बीइंग हिंदू इन बांग्लादेश) अभिजीत मजूमदार (प्रख्यात पत्रकार) ने रिपोर्ट पर गहरी चिंता जताई है।

इस रिपोर्ट में बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों में घटित घटनाओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें 5 जून 2024 को छात्र विरोध प्रदर्शनों से शुरू हुए राजनीतिक संकट का विवरण है। इन विरोधों ने एक बड़े आंदोलन का रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से, धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय, पर सुनियोजित हमले हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि 5 अगस्त तक 27 जिलों में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यवसायों पर हमला हुआ, और 8 अगस्त तक यह संख्या 52 जिलों तक पहुंच गई। रिपोर्ट में बताया गया कि सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश के विभिन्न जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले बढ़े। 205 से अधिक हिंदू-विरोधी घटनाओं की पुष्टि हुई, जिनमें लूटपाट, आगजनी, और हिंसा शामिल थी। इन घटनाओं को लेकर सीडीपीएचआर ने बांग्लादेश सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे इन हिंसात्मक घटनाओं की जांच करें और अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पूर्व सांसद स्वपन दासगुप्ता ने बांग्लादेश में हो रही इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटनाएं बांग्लादेश के धार्मिक और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इन घटनाओं का संज्ञान लेने और इस संकट का समाधान निकालने की अपील की। वहीं दीप हलदर ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की और कहा कि शेख हसीना के शासनकाल में भी अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले हुए, लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद गंभीर है। उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी समस्याओं पर भी चिंता जताई।प्रख्यात पत्रकार अभिजीत मजूमदार ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय का भविष्य अनिश्चित है और यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका गंभीर परिणाम होगा।

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र संगठन के संयोजक साजिब सरकार ने कहा कि शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से देश में धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हिंसा का सामना करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि इसमें लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और कार्यस्थलों पर आगजनी यहां तक कि हत्याएं भी शामिल हैं. सरकार ने आगे खुलासा किया कि देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों को शारीरिक हमलों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण 30 अगस्त तक कम से कम 49 शिक्षकों को जबरन इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि, उनमें से 19 शिक्षकों को दोबारा बहाल कर दिया गया है।

दरअसल, बांग्लादेश में कोटा के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया था, जिसके बाद शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा था। इस हिंसक आंदोलन के दौरान 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शपथ लेने के बाद कहा था कि वह संविधान की मर्यादा बनाए रखेंगे, लोगों का समर्थन और उनकी रक्षा करेंगे और ईमानदारी से कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसके बावजूद बांग्लादेश की हालात में सुधार होते नजर नहीं आ रहे हैं।

भारी हिंसा के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं को धमकाया गया। उनसे लाखों रुपये की फिरौती मांगी गई। इसका खुलासा एक बांग्लादेशी हिंदू छात्र ने किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की घरों की पहचान की गई और इसके बाद उन्हें धमकाया जा रहा है। कई लोगों के पास धमकी भरे कॉल आए हैं। बांग्लादेशी हिंदू छात्र ने बताया कि उसके माता-पिता बुजर्ग हैं और वह चटगांव में रहते हैं।

उनके पास धमकी भरी कॉल आई। आरोपित शख्स ने लाखों रुपये की मांग की। राशि न देने पर आरोपित ने बांग्लादेश छोड़ने की धमकी दी। बता दें कि इस बांग्लादेशी हिंदू छात्र ने महाराष्ट्र के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और अभी ढाका में कार्यरत है।कॉल करने वाले ने अपने आपको एक इस्लामी समूह का सदस्य बताया। फिरौती के रूप में पांच लाख टका की मांग की। आरोपित ने कहा कि अगर रकम नहीं दे सकते हो तो बांग्लादेश छोड़ दें या फिर मौत का सामना करो। छात्र के अनुसार अन्य लोगों के पास भी ऐसे ही कॉल आई हैं। हिंदुओं से कहा जा रहा है कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों का नहीं है।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की स्थिरता और विकास के लिए भारत के समर्थन को भी दोहराया उन्होंने कहा आने वाले दिनों में हम हमेशा बांग्लादेश की 'विकास यात्रा' के लिए शुभकामनाएं देंगे क्योंकि हम मानव जाति के शुभचिंतक हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार फिलहाल, शेख हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. हाल ही में बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं उद्योग मंत्री को गिरफ्तार किया गया था. इसके अलावा शेख हसीना और आवामी लीग के नेताओं पर लगातार हत्या और तमाम तरह के मुकदमें दर्ज हो रहे हैं. ऐसे में शेख हसीना का बांग्लादेश वापस जाना भी कठिन हो गया है, क्योंकि बांग्लादेश में उनकी गिरफ्तारी हो सकती है और लंबे समय तक जेल में रहना पड़ सकता है। रिपोर्ट में बांग्लादेश के भविष्य और अल्पसंख्यकों के जीवन पर संकट की ओर इशारा किया गया। अंतरिम सरकार और इस्लामिक पार्टियों के गठबंधन से स्थिति और भी बिगड़ने की आशंका है, और हिंदू समुदाय के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति अत्यंत संकटग्रस्त बनी हुई है।यहां बता दें कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष कर हिन्दुओं के साथ आए दिन कट्टरपंथी दमनकारी अत्याचार करते रहे हैं वहां हर साल हिन्दू मंदिरों में हमले तोड़ फोड़ हिन्दू लड़कियों का अपहरण कर जबरन मुसलिम बनाने और निकाह कराने हिन्दुओं के घरों पर हमले आगजनी और तोड़फोड़ करना आम बात है। लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने और भागकर भारत आने के बाद ये हमले और अधिक बर्बर व दिल दहलाने वाले हो गए हैं। ढाका में जारी हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के हमले के खिलाफ भारत को अमेरिका का भी साथ मिल गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस मुद्दे पर पीएम मोदी के साथ साझा चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने कहा है कि पिछले हफ्ते फोन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बांग्लादेश में लोगों की सुरक्षा और वहां लोकतांत्रिक संस्थानों के भविष्य के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत







## गौरी गणेश उत्सव की धूम

शुक्रवार को बेंगलूरु में गौरी गणेश उत्सव की धूम रही। केआर सिटी मार्केट में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। कहीं फूल की दुकानों पर भीड़ थी तो कहीं फल और पूजा समान खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। अपने अपने घरों में गौरी और गणेश की प्रतिमाएं ले जाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। 7 सितम्बर को गणेश उत्सव भारत के सभी घरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहता है। मल्लेश्वरम फूल मार्केट में काफी भीड़ देखी गई। जगह जगह पर वाहन खड़े कर लोग पूजा का समान खरीद रहे थे वहीं ट्राफिक पुलिस वाले भी चालान काटने से नहीं चूक रहे थे। शुक्रवार को पूरे कर्नाटक में धूमधाम से गौरी की पूजा और स्थापना की गई। शनिवार को पूरे राज्य में गणेशा उत्सव को लेकर काफी चहल पहल है। वहीं लॉग वीकएन्ड हो जाने के चलते सड़कें खाली खाली हैं।

# भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र पर केंद्रित रक्षा वार्ता में भाग लिया

**नई दिल्ली/भाषा**

भारत और मालदीव ने शुक्रवार को हिंद महासागर क्षेत्र के हालात पर ध्यान देने और वर्तमान में जारी विभिन्न रक्षा सहयोग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर विचार-विमर्श करने के लिए वार्ता की। विदेश मंत्री एस जयशंकर की तीन दिवसीय मालदीव यात्रा के लगभग एक महीने बाद दिल्ली में यह रक्षा सहयोग वार्ता आयोजित की गई। जयशंकर की यह यात्रा मालदीव के चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद भारत की ओर से पहली उच्चस्तरीय यात्रा थी।

रक्षा मंत्रालय ने रक्षा संवाद पर कहा, ''संपूर्ण वार्ता फलदायी रही जो निकट भविष्य में दोनों देशों के साझा हितों को आगे बढ़ाएगी और हिंद महासागर क्षेत्र में समृद्धि तथा स्थिरता लाएगी।''

चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति का पद संभाला था जिसके बाद से भारत और मालदीव के संबंधों में तनाव आ गया था।

मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद संभालने के कुछ घंटे के भीतर ही अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की मांग की थी। इसके बाद भारतीय सैन्य कर्मियों की जगह नागरिकों को तैनात किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत और मालदीव की पांचवीं रक्षा सहयोग वार्ता में दोनों पक्षों को द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करने का अवसर मिला। विज्ञप्ति में कहा गया, ''इसमें अन्य बातों के अलावा वर्तमान में जारी विभिन्न रक्षा सहयोग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाना शामिल था।''

मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों ने उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और क्षमता विकास परियोजनाओं जैसे साझा हितों के कुछ अन्य क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया। आगामी द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास में भागीदारी के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।'' इसमें कहा गया, ''बातचीत की पूरी श्रृंखला परिणाम देने वाली रही, जो निकट भविष्य में दोनों देशों के साझा हितों को आगे बढ़ाएगी और हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि लाएगी।'

## उद्‌घाटन




बेंगलूरु में शुक्रवार को 35 साल से अधिक अनुभव के साथ भारत के स्लीप स्पेशलिस्ट 'सेन्चुरी मैट्रेस' ने अपना एक्सपीरियंस स्टोर कोरमंगला में शुरु किया है। सेंचुरी फाइबर प्लेटस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक उत्तम मालानी ने कुछ सम्मानित मेहमानों के साथ इस नए स्टोर का उद्घाटन किया।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत को स्थिर सरकार की जरूरत : नकवी

**नई दिल्ली/भाषा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच, भारत या किसी भी अन्य लोकतांत्रिक देश को स्थिर सरकार व सक्षम नेतृत्व की जरूरत है जो ''संकट मोचक'' की भूमिका निभा सके और सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक सशक्तीकरण का ''ध्वज-वाहक'' बने।

हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित ''एशियन ब्रांड एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव 2024'' को संबोधित करते हुए, नकवी ने यह भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ''एक उत्तम नेता नहीं बल्कि एक छद्म नेता तैयार करता है।'' नकवी ने कहा कि नेतृत्व ''संघर्ष की भट्ठी में'' तपने के बाद उभरता है। उन्होंने कहा, ''हमारा देश संघर्ष से उत्पन्न हुए महात्मा गांधी, डॉ (भीम राव) आंबेडकर, दीनदयाल उपाध्याय, राम मनोहर लोहिया, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, जय प्रकाश नारायण और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कई नेताओं का गवाह है, जिन्होंने न केवल देश का नेतृत्व किया बल्कि नये नेतृत्व की राह भी तैयार की।''

नकवी ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच, भारत या किसी भी अन्य लोकतांत्रिक देश को स्थिर सरकार व सक्षम नेतृत्व की जरूरत है जो ''संकट मोचक'' की भूमिका निभा सके और सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक सशक्तीकरण का ''ध्वज-वाहक'' बने। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में सबसे चिंताजनक स्थिति तब होती है जब नेतृत्व ''चौराहों और चौपालों'' के बजाय ''महलों के अंदर'' से उभरता है।

# प्रकृति और रोमांच पर ध्यान केंद्रित करके नए पर्यटन स्थल बनाने की जरूरत: बजाज

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा**

पद्मश्री से सम्मानित अजीत बजाज ने कहा कि विश्व आर्थिक मंच के अनुसार भारत की प्राकृतिक विरासत विश्व स्तर पर 10वें स्थान पर है इसलिए इसका लाभ उठाने तथा प्रकृति और रोमांच पर केंद्रित नए पर्यटन स्थल बनाने की जरूरत है।

साहसिक खेलों में अपनी उपलब्धियों के लिए 2012 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले बजाज ने प्रकृति की रक्षा के लिए 'टिकाऊ और सुव्यवस्थित पर्यटन' के सृजन की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने 'पीटीआई भाषा' से कहा, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक पर्यटन भारत में पर्यटन की ताकत रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार भारत की प्राकृतिक विरासत दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ 10 में से एक है। इसमें हिमालय, रेगिस्तान, द्वीप शामिल हैं...हमारे देश में हर प्रकार का भूभाग है। इसलिए हमें इसका लाभ उठाना चाहिए और प्रकृति व रोमांच पर ध्यान केंद्रित करते हुए नए गंतव्य बनाने चाहिए। उन्होंने कहा, हम युवाओं का देश हैं और उन्हें रोमांच तथ प्रकृति से जुड़ने की जरूरत है। अन्य पहलुओं को बढ़ावा देते हुए हम साहसिक पर्यटन की ओर भी देखते हैं।

बजाज ने कहा, हिमालय पर्वतमाला का 73 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और यहां 7,000 किलोमीटर से अधिक समुद्र तट, द्वीप और कई अन्य चीजें हैं। हम इसे टिकाऊ बनाना चाहते हैं और इन स्थानों को (पर्यटकों से) भरना नहीं चाहते, क्योंकि प्रकृति को अच्छी तरह से प्रबंधित, योजनाबद्ध पर्यटन की आवश्यकता है।

देश में साहसिक पर्यटन के नए चलन के बारे में बात करते हुए बजाज ने कहा, हम दो नई चीजों पर विचार कर रहे हैं।

# फिल्म 'सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**




रीमा कागती के निर्देशन में बनी फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। फिल्म 'सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव' के निर्माताओं ने शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर जारी किया। निर्माताओं ने एक्स पर ट्रेलर का वीडियो साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'रोल साउंड कैमरा एक्शन... मालेगांव सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव सिनेमाघरों में जनवरी 2025 को होगी रिलीज़।'महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव पर आधारित यह फिल्म यह कहानी नासिर शेख के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव दोस्ती, फिल्म निर्माण और दृढ़ता का एक सार है और उन लोगों की रचनात्मकता और अथक प्रयास को उजागर करता है जो सपने देखने और उसे अपने जीवन में लाने के लिए कई चुनौतियों का सामना बड़ी साहस और दृढ़ता से करते हैं।

एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी प्रोडक्शन के बैनर तले रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती द्वारा निर्मित, सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा मुख्य भूमिकाओं में हैं।सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का 13 सितंबर को प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में एक विशेष विश्व प्रीमियर होगा, जिसके बाद 10 अक्टूबर को इस फिल्म का प्रतिष्ठित बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन होगा।यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने से पहले जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# फिल्म 'जिगरा' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**




बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का पोस्टर रिलीज हो गया है। आलिया भट्ट अपनी अगली फिल्म 'जिगरा' में जोरदार एक्शन करती हुई नजर आएंगी। मेकर्स ने 'जिगरा' का दो पोस्टर रिलीज कर दिया है।आलिया भट्ट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर शेयर किया है। पहले पोस्टर में 'द आर्चीज' के अभिनेता वेदांग रैना हैं, जिसमें आलिया भट्ट की सिर्फ बैक दिखाई गई है। दोनों कलाकार सिल्वर स्क्रीन पर भाई-बहन के रिश्ते को परिभाषित करते हुए नजर आएंगे।

आलिया द्वारा शेयर किए गए पहले पोस्टर में वेदांग सबसे आगे खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि आलिया हथौड़ा पकड़े हुए बैक शॉट देती नजर आ रही हैं।कैप्शन में लिखा, 'तू मेरे प्रोटेक्शन में है' जिगरा सिनेमाघरों में 11 अक्टूबर को।इसके बाद मेकर्स ने आलिया भट्ट का फ्रंट पोस्टर भी रिलीज कर दिया है। जिसमें पैंट-शर्ट और बुलेट प्रूफ जैकेट में आलिया भट्ट कार के बोनट पर खड़ी हुई हैं और उन्होंने एक हाथ में हथौड़ा और दूसरे हाथ में कई और हथियार पकड़े हैं।दूसरे पोस्टर के साथ मेकर्स ने बहुत ही दिलचस्प कैप्शन भी दिया। उन्होंने लिखा, कहानी बहुत लंबी है और भाई के पास वक्त बहुत ही कम। फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। करण जौहर के साथ आलिया भट्ट भी फिल्म जिगरा को प्रोड्यूस कर रही हैं।



# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने बावे वाली माता मंदिर में पूजा अर्चना की

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां बावे वाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस मौके पर देश और जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास तथा केंद्र शासित प्रदेश में बिना किसी बाधा के विधानसभा चुनाव के लिए प्रार्थना की। जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रभारी रेड्डी पूरे क्षेत्र में पार्टी की तैयारियों और प्रचार अभियान की देखरेख के लिए जम्मू में डेरा डाले हुए हैं।

रेड्डी ने कहा, ''मैंने माता काली के मंदिर में पूजा-अर्चना की। हमने यहां शांति और निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। हमारे देश को गौरव की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कोशिश कर रहे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के लिए भी हमने आशीर्वाद मांगा।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि माता रानी के आशीर्वाद से भाजपा जम्मू-कश्मीर की इस विकास यात्रा का नेतृत्व करेगी।

रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भाजपा का चुनाव घोषणापत्र जारी करेंगे और शनिवार को जम्मू से पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए पार्टी का घोषणापत्र महिलाओं, युवाओं, जरूरतमंदों और किसानों की स्थिति में सुधार लाने पर केंद्रित होगा।

केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की आलोचना करते हुए इसे विकास विरोधी गठबंधन बताया। उन्होंने दोनों विरोधी दलों पर क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।



# 'फिल्म लॉटरी' का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म लॉटरी फर्स्ट लुक आज रिलीज हो गया है। फिल्म लॉटरी में माही श्रीवास्तव के साथ टीवी एवं बॉलीवुड फिल्म जगत में अपने अभिनय का लोहा बनवा चुके मशहूह अभिनेता अनिल रस्तोगी नजर आने वाले हैं।

फिल्म के फर्स्ट लुक में माही श्रीवास्तव एक दम ही दमदार लुक में नजर आ रही है। वह फुल ब्लैक पैंट और हुडी टीशर्ट पहने हुए दिखाई दे रही है। वही वह दुबई की एक लग्जरी कार के बैक साइड से टिक के खड़ी हुई है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि आज हमने लॉटरी का फर्स्ट लुक आउट कर दिया है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहा हैं।अनिल रस्तोगी ने कहा कि जब रत्नाकर कुमार जी ने मुझे इस फिल्म ऑफर दिया तो मैंने झट से हां कर दी क्योंकि एक अभिनेता के तौर पर ऐसी कहानियां हर रोज किसी अभिनेता के पास नहीं आती है। जो दर्शकों को हर एक इमोशन दिखा सके।

माही श्रीवास्तव ने कहा कि लॉटरी के फर्स्ट लुक में मेरा अब तक का एक दम हटके किरदार दर्शकों को देखने को मिल रहा है। फर्स्ट लुक देखकर जितना दर्शक उत्साहित है उतनी ही मैं भी हूँ। मैं रत्नाकर सर का धन्यवाद करना चाहूंगी जिन्होंने मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनने का मौका दिया। मैं दर्शकों से यही कहूंगी कि ये फिल्म आपको एक अलग ही फिल देने वाली है। क्योंकि इसकी कहानी जरा हटके है बॉस।

वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी के बैनर तले बन रही फिल्म लॉटरी के निर्माता रत्नाकर कुमार, सह निर्माता निवेदिता कुमार, निर्देशक धीरू यादव, स्पेशल धन्यवाद कुलदीप श्रीवास्तव, राइटर धर्मेंद्र सिंह, म्यूजिक शाहिद खान और धीरू यादव, लिरिक्स राजेश मिश्रा, डीओपी समीर सय्यद, राजन वर्मा(दुबई), प्रिंस कुमार सिंह(दुबई ) एडिटर सनी सिंह, बैक ग्राउंड म्यूजिक डीजे भरली,मिक्सिंग इंजीनियर सरोज शर्मा, डीआई निमेष चौधरी, एक्शन इकबाल सुलेमान का है। वही फिल्म में माही श्रीवास्तव, अनिल रस्तोगी, संजय पांडे, विनीत विशाल, सुकेश आनंद, संदीप यादव, काजल त्रिपाठी, महेश आचार्य, सोनाली मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, राव रणविजय, ओमी कश्यप, सीमा मोदी, बृजमोहन यादव, योगेश पांडेय, सोनू कुमार सहित कई कलाकार हैं।



# 'सेक्टर 36' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल की आने वाली फ़िल्म 'सेक्टर 36' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दीपक डोबरियाल सेक्टर 36 में हो रहे मर्डर की गुत्थी सुलझाते नज़र आ रहे हैं।

विक्रांत मैसी इसमें खूंखार सीरियल किलर की भूमिका में हैं।पुलिस अफसर बने दीपक के सामने जो एक शख्स बार-बार आ रहा है वो विक्रांत मैसी हैं। ट्रेलर की शुरुआत विक्रांत मैसी थाने में बैठकर इंतजार करने से होती है, जैसे ही पुलिस अफसर बने दीपक डोबरियाल उनके सामने आते हैं, वो चौंक कर उठ जाते हैं. इसके बाद आप सीरियल किलर बने विक्रांत के किरदार को बच्चों को अगवा करते, उनका बेरहमी से कत्ल करते और कई खतरनाक और परेशान करने वाली हरकतें करते देखते हैं। दिनेश विजान और ज्योति देशपांडे ने फिल्म सेक्टर 36का निर्माण किया है। इसके डायरेक्टर आदित्य निम्बलकर हैं। फिल्म 'सेक्टर 36', नेटफ्लिक्स पर 13 सितंबर को रिलीज होगी।

## विरोध




कोलकाता में शुक्रवार को कोलकाता के आरजी कार अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले के विरोध में विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
चेन्नई | शनिवार | 07-09-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जब शरीर में कांटा चुभ जाए तो शरीर में वेदना का लावा फूटता है। फिर उस कांटे को निकाल दो तो राहत मिल सकती है, लेकिन कुछ देर तक वेदना तो रहती ही है। कांटा निकालना आसान है लेकिन बोलते समय हमारे शब्द कटु बन गए तो वह लंबे अरसे तक दर्द का कारण बन जाते है। इसलिए ज्ञानी कहते हैं बोलते समय सावधान रहना जरूरी है। हमारे शब्दों के भाव लंबे अरसे तक रहते हैं। अगर ग़लती से बचना है, उसका निराकरण, प्रमार्जन करना है तो सत्य बोलो। गलती करके झूठ बोलना और बड़ी ग़लती हो जाती है। सत्य बोलने से यह विश्वास जम जाता है कि वह व्यक्ति झूठ नहीं बोल सकता।

# ‘बिना विचारे कठोर शब्दों का प्रयोग कतई न करें’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य भगवंत महेंद्र ऋषिजी ने शुक्रवार को प्रवचन में कहा कि जब शरीर में कांटा चुभ जाए तो शरीर में वेदना का लावा फूटता है। फिर उस कांटे को निकाल दो तो राहत मिल सकती है, लेकिन कुछ देर तक वेदना तो रहती ही है। उन्होंने कहा कांटा निकालना आसान है लेकिन बोलते समय हमारे शब्द कटु बन गए तो वह लंबे अरसे तक दर्द का कारण बन जाते है। इसलिए ज्ञानी कहते हैं बोलते समय सावधान रहना जरूरी है। उन्होंने एक दृष्टांत देते हुए कहा कि हमारे शब्दों के भाव लंबे अरसे तक रहते हैं।

उन्होंने कहा कि ठाणांग सूत्र में कहा गया है कि हमें छ: प्रकार के अवचन नहीं बोलने चाहिए। उनमें से एक असत्य वचन की विवेचना करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि असत्य वचन विश्वास को नष्ट करने वाला है। यह हमारे भीतर की शक्ति को आघात पहुंचाने और विश्वास का बल तोड़ने वाला है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि सत्य आपकी रक्षा करने वाला होता है। सत्य का इतना प्रभाव होता है कि सामने वाले को विश्वास हो जाता है।

उन्होंने कहा अगर ग़लती से बचना है, उसका निराकरण, प्रमार्जन करना है तो सत्य बोलो। गलती करके झूठ बोलना और बड़ी ग़लती हो जाती है। सत्य बोलने से यह विश्वास जम जाता है कि वह व्यक्ति झूठ नहीं बोल सकता। सत्य



बोलें लेकिन उसमें किसी के अपमान, तिरस्कार करने वाले शब्द होते हैं तो सामने वाले के हृदय को चोट पहुंचती है। इसलिए इससे बचना चाहिए। सत्य बोलने की स्थिति में भी अपमान वाले शब्द सामने वाले को चुभ जाते हैं। बोलते समय सावधान रहते हैं तो इसका बहुत बड़ा प्रभाव है।

उन्होंने कहा हम जानते हैं, प्रत्येक आत्मा में अनंत शक्ति रही हुई है लेकिन वाणी का सामर्थ्य हमारे अंदर ही है। हम इसकी ताकत को जानते हैं। लेकिन कई बार उसकी ताकत को समझ नहीं पाते। जो प्राणी सोचता नहीं, उसे बोलने का सामर्थ्य नहीं मिलता। अच्छे शब्दों का प्रभाव बहुत होता है। इसलिए हमें तिरस्कारयुक्त वचन नहीं बोलना चाहिए। बात छोटी- सी होती है लेकिन शब्द सामने वाले के हृदय में पहुंचते हैं। वे उसके हृदय को आंदोलित करते हैं।

उन्होंने कहा पर्युषण महापर्व संकल्प की अभिव्यक्ति करने का सुंदर अवसर है। हम अपने मुंह को क्यों खराब करते हैं। यह मुंह ही नहीं, पूरे शरीर को डिस्टर्ब कर देता है। अभी भी यह शुरुआत है, उसे वहीं खत्म कर दो। तिरस्कार के वचन हमारे बोल बिगाड़ते हैं। ऐसे में मतभेद होना स्वाभाविक है। महज बात तूल पकड़ लेती है तो वह महाभारत का रुप ले लेती है। हमें उपेक्षा स्वरूप शब्द नहीं बोलना है। उपेक्षा वाले शब्द हमारे व्यवहार को, सामने वाले के हृदय को आघात पहुंचाने का कार्य करेंगे। बिना विचारे कठोर वचन मत बोलो बल्कि विचारपूर्वक बोलो। जो झगड़े शांत हो गए, उन्हें शुरू करने वाले वचन नहीं बोलना चाहिए। यह पर्युषण पर्व हमें नई ऊर्जा देने वाला है। जिस किसी को पीड़ा पहुंचाई, उनसे क्षमा याचना कर लें। वरिष्ठ सुश्राविका विमलाबाई सिंघवी व कांताबाई चोरड़िया ने 35 उपवास के प्रत्याख्यान लेकर आगे बढ़ रहे हैं। महासंघ की ओर से तपस्वियों का सम्मान किया गया। सहमंत्री कमल छल्लाणी एवं राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।



# तिरुपुर दादी परिवार ने मनाया भादी अमावस्या उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दादी परिवार तिरुपुर के सान्निध्य में भादी अमावस्या का उत्सव व दादी का मंगल पाठ का आयोजन गणेश मन्दिर रायपुरम में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। दादी को 61 चुनड़ी उढाई गई। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह , सरोज पत्ती, प्रभा तोदी, वीरा कामदार, मीनाक्षी सरावगी, मनीषा अग्रवाल, चंदा डीडवानिया, सरिता तुल्सयान, सुमन गुप्ता, अर्पिता पित्ती, छाया परमानन्दका, मधु चौधरी, मंजु पारस सहित सागर कश्यप, भागीरथ, कार्तिक शर्मा, गोपाल शाह ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## खो-खो टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के पंजाब एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित एमजीआर हायर सेकेंडरी स्कूल में तृतीय खो खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंजाब एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हरीशकुमार सांघी थे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित किया। स्पोर्ट्स चेयरमैन अनिल चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में पंजाब एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ विक्रम अग्रवाल, सचिव रमेश लांबा, अजय भल्ला सहित अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# श्रवणी उपकर्म विधान कार्यक्रम कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मानव जीवन में धार्मिक आस्थावान, विशेष कर जनेऊधारी बंधुओं के लिए श्रवणी – उपकर्म का बहुत बड़ा महत्व है।भादवा शुक्ला पंचमी जिसे ऋषि पंचमी भी कहा जाता है। इस वर्ष की 8 सितम्बर को वेद पारायण के शुभ आरंभ को भी श्रावणी उपकर्म कहा जाता है। इसरविवार के दिन विजय गुरुजी के सान्निध्य में श्रीपरम्बतूर (भूतपूरी) में श्रावणी का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री हवन व महाप्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। अध्यक्ष श्यामसुन्दर पंचारिया, मंत्री निर्मल गौड़ अथवा कोषाध्यक्ष नारायण दाहिमा ने सभी यज्ञोपवितधारियों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है ।



# भादवी बीज पर दिखा भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास का संगम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सीरवी समाज ट्रस्ट महाबलीपुरम बडेर की 22वीं वर्षगाठ एवमं भादवी सुदी बीज का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया। बुधवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक पूनाराम देवासी एण्ड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। गुरुवार सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। बालिका मंडल एवं महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। साधारण सभा में अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ ने स्वागत करते हुए सभी के सहयोग की सहारना की।

समाज के विकास कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष बुधाराम बर्फा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सचिव मगाराम लेरचा ने धन्यवाद दिया।

## यंग अचीवर अवार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन ने होटल अंबिका अंपायर के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कैंसर रोगियों के लिए अपने केशदान करने वाले खिलाड़ी वीएस यदुकृष्णन और शारोन रेचल को उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु ‘यंग अचीवर अवार्ड 2024’ से सम्मानित किया।







# कर्म बंधन से मुक्त होने में सहयोगी है जप : साध्वी डॉ गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां माधावरम् में जप की महिमा का वर्णन करते हुए चातुर्मासार्थ विराजित डॉ साध्वीश्री गवेषणाश्री जी ने कहा कि सभी धर्मों में मंत्र जप की परम्परा रही है। प्रत्येक अक्षर मंत्र है। पुनरावर्तन से सामर्थ्य प्रकट होता है। मंत्र और साधक दोनों में तादाम्य जुड़े तो वह फलवान बनता है। जप के पीछे प्रायः 3 उद्देश्य है, देवाराधन, विघ्न निवारण, आत्माराधन।

साध्वीजी ने कहा कि हमारा मूल लक्ष्य निर्जरा का हो। भगवान महावीर की जितनी भी साधना थी, वह नर्जरा का लक्ष्य लिये हुआ था। कर्मों को खपाना है उसके जप भी एक साधन है। साध्वी श्री मयंकप्रभाजी ने कहा कि भगवान महावीर की वाणी के अनुसार चार चीजों पर विजय पाना बड़ा दुर्लभ है गुप्तियों में मनोगुप्ति, इन्द्रियों में रसनेन्द्रिय, व्रतों में ब्रह्मचार्य व्रत और कर्मो में मोहनीय कर्म पर विजय पाना मुश्किल है।

साध्वीश्री मेरुप्रभाजी ने कहा कि जप शब्द दो अक्षरों से बना है, पर इन दोनों का भी बड़ा महत्व है। साध्वीश्री दक्षप्रभाजी ने संचालन करते हुए 'अर्हम जपे.. सुमधुर गीतिका का संगान किया। आगामी कार्यक्रमों की सूचना सुरेश रांका ने दी।

## गणेश उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के अन्नानगर स्थित गारोड़िया स्कूल में गणेश उत्सव के मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने माता गौरी व गणेश भगवान के रूप धरकर उत्सव का आनंद उठाया। इस मौके पर भगवान गणेश की स्तुति की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा जीवंत कोलट्टम प्रदर्शन किया गया ।



# ट्रिप्लीकेन सीरवी समाज में बही आईमाता की भक्ति की बयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के सीरवी समाज तमिलनाडु ट्रिप्लीकेन का वार्षिक सम्मेलन और भादवी बीज महोत्सव गुरूवार को बडेर में उल्लास के साथ मनाया गया। आईमाता वडेर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। अध्यक्ष खेताराम गहलोत ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में आरबी चौधरी ने समाज की धार्मिक आस्था की सराहना करते हुए कहा कि समाज की प्रगति से जुड़े किसी भी कार्य के प्रति समर्पण भाव सराहनीय है। सचिव अमरचंद परिहारिया ने समाज सेवा के साथ व्यापार में भी आगे बढ़ने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष उमाराम परिहारिया ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा दिया। बुधवार रात्रि भजन संध्या में भजन गायक खेताराम गहलोत, इन्दाराम परिहार, हीरालाल चोयल, प्रकाश राठौड़, सोहनलाल परिहार ने माता के भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था में नवयुवक का विशेष सहयोग रहा।

# पर्युषण पर्व मनाने का मूल उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाना है : साध्वी प्रियसौम्याजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबतूर। शहर के आरएस पुरम स्थित कोयंबतूर जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ द्वारा संचालित मुनिसुव्रत मंदिर और दादावाड़ी में पर्युषण पर्व के दौरान साध्वीजी प्रियसौम्याजनाश्री ने कहा कि पर्युषण पर्व मनाने का मूल उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाना है। प्रवचन के बाद धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाइनल में पहुंची चार महिला टीम और एक पुरुष टीम ने केरल, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, मारवाड़ की वेशभूषा में शामिल होकर सबका ध्यान केंद्रित किया। पहला स्थान जिनेश्वरसूरी टीम, दूसरा स्थान सुखसागर टीम व तीसरे स्थान पर कांतिसागर टीम रही।





# जन्मवांचन पर मिठाई वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। कोयम्बटूर में प्र वासी युवा प्रतिनिधि की पुरानी संस्था श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन युवक संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष तेजस मेहता के नेतृत्व में सचिव आशीष बोहरा के संयोजन में विभिन्न आश्रमों में श्री कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के तत्वाधान भगवान महावीर जन्मवांचन के उपलक्ष में मिठाई मिष्ठान आदि वितरित किए गए।


कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार बोहरा ने सुबह संघ के प्रांगण में बेंगलूरु से आए श्री कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ(चिकपेट) के वरिष्ठ श्रावक सुरेशचंद गुलेच्छा, शांतिलाल सालेचा, युवा स्वाध्यायी भागचंद श्रीश्रीमाल व जयदीप लोढ़ा की उपस्थिति में सुरेश गुलेच्छा द्वारा मांगलिक प्रदान करने के पश्चात युवक संघ के कार्यकर्ताओं को दान हेतु सामग्री प्रदान की।

एस एस एस जैन युवक संघ के पदाधिकारी,कार्यकारिणी सदस्य और भारी संख्या में सदस्यगणों ने नगर के दी सेवा आलयम,सेंट जोसेफ होम फॉर एज्ड एंड डेस्टिट्यूड्स, आश्रय चेरिटेबल सोसाइटी व होम पेज फॉर ओल्डेज पीपल आदि स्थलों पर वितरण कार्य संपन्न किया।

# तपस्या करने वालों की सामूहिक शोभायात्रा निकाली गई, 108 तपस्वियों ने लिया पच्चखाण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। शहर के आरजीस्ट्रीट स्थित राजस्थानी जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित बड़ा सुपार्श्वनाथ मंदिर में आचार्यश्री गच्छाधिपति विजय उदयप्रभसूरीश्वरजी म.सा.के शिष्य उपाध्यायश्री अभ्युदयप्रभविजयजी एवं आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री काव्यरत्नाश्रीजी की शिष्या साध्वीजी हितार्थरत्नाश्रीजी की निश्रा में अनेक धार्मिक अनुष्ठान हुए। शुक्रवार को सुबह अरिहंत भवन से शोभा यात्रा निकाली गई और धर्म सभा का आयोजन किया गया। उपाध्यायश्री अभ्युदयप्रभविजयजी ने पर्युषण की विशेषताएं बताते हुए तपस्य को आत्मकल्याण का मार्ग बताया। इस मौके पर 108 तपस्वियों ने विभिन्न तप के पच्चखाण लिए। सभी तपस्वियों की शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर बारसा सूत्र के चढ़ावे बोले गए और विमल ट्रेडर्स परिवार ने बारसा सूत्र को घर लेकर जाने का लाभ लिया। धर्मसभा में सबका स्वागत संघ अध्यक्ष गुलाबचंद मेहता ने किया।



Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.